26 जनवरी 1950 को स्थापित/संस्थापक बाबूसिंह चौहान

# चिंगारी

बिजनौर : सोमवार, 21 सितम्बर, 2026

अंक- 328 मूल्य दो रुपये पृष्ठ 16

# शमी लड़ेंगे चुनाव?

## जयंत से मिलकर सियासी पिच पर फेंका बाउंसर

**अमरोहा (एजेंसी/चिंगारी)।** राष्ट्रीय लोकदल (रालोद) के राष्ट्रीय अध्यक्ष जयंत चौधरी से क्रिकेटर मोहम्मद शमी की मुलाकात ने अमरोहा में सियासी हलचल बढ़ा दी है। इस मुलाकात की तस्वीर जयंत चौधरी ने फेसबुक पर पोस्ट की है। इसके बाद सियासी पिच पर तेज गेंदबाज शमी के बाउंसर फेंकने के कयास शुरू हो गए हैं। उनके राजनीति में उतरने की चर्चाएं तेज हो गई हैं।

सोशल मीडिया पर पिछले कुछ दिनों से अमरोहा के सहसपुर अलीनगर के रहने वाले क्रिकेटर मोहम्मद शमी या उनके परिवार के किसी सदस्य के सियासत में उतरने की चर्चाएं चल रही हैं। रविवार को दिल्ली में मोहम्मद शमी ने रालोद प्रमुख जयंत चौधरी से मुलाकात करके इस चर्चा को और हवा दे दी है। इससे अमरोहा ही नहीं बल्कि मंडल की सियासत में हलचल तेज हो गई है। जयंत चौधरी ने फेसबुक पर तस्वीर साझा करते हुए मोहम्मद शमी जैसे महान क्रिकेटर से मिलना एक सुखद अनुभव बताया है।



दूसरी ओर टीम इंडिया के तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी करीब 17 महीने से अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से दूर हैं। उन्होंने आखिरी अंतरराष्ट्रीय मैच नौ मार्च 2025 को चैंपियंस ट्रॉफी के फाइनल में न्यूजीलैंड के खिलाफ खेला था। इंग्लैंड और श्रीलंका दौरे पर भी उन्हें टीम में जगह नहीं मिली। ऐसे में जयंत चौधरी से मुलाकात के बाद उनके सियासत में उतरने की चर्चाओं को और बल मिला है। फिलहाल क्रिकेटर शमी के चुनाव लड़ने के सवाल पर उनके परिवार और रालोद के नेताओं ने चुप्पी साध रखी है। रालोद के अमरोहा जिलाध्यक्ष सचिन चौधरी ने बताया कि क्रिकेटर मोहम्मद शमी की राष्ट्रीय अध्यक्ष जयंत चौधरी से मुलाकात किस उद्देश्य से हुई है, इसकी उन्हें जानकारी नहीं है।

### भाजपा ढूंढ रही है महबूब अली की काट, शमी बन सकते हैं विकल्प

**क्रिकेटर मोहम्मद शमी तुर्क बिरादरी से आते हैं। अमरोहा विधानसभा क्षेत्र में तुर्क बिरादरी का खासा दबदबा है। जोया इलाके को तुर्किस्तान कहा जाता है। ऐसे में अमरोहा सीट से वह सपा विधायक महबूब अली की काट हो सकते हैं। मोहम्मद शमी भाजपा गठबंधन के लिए विकल्प बन सकते हैं। इसका फायदा एनडीए को मंडल की दूसरी सीटों पर भी मिल सकता है।**

# किरतपुर में दिनदहाड़े गोली चलने से सनसनी

## बुलेट बाइक पर आये युवकों ने स्टेट बैंक के पास खड़े दो युवकों पर की फायरिंग

**किरतपुर (चिंगारी)।** आज दोपहर नगर में उस समय सनसनी फैल गई, जब स्थानीय स्टेट बैंक के सामने खड़े दो युवकों पर बुलेट बाइक पर आए तीन युवकों ने गोली चला दी। दोनों युवक बाल-बाल बचे। गोली पास में खड़ी गाड़ी के शीशे में लगी।

चिंगारी को मिली जानकारी के अनुसार आज दोपहर एक बजे स्टेट बैंक के सामने दो युवक खड़े थे, तभी नजीबाबाद रोड की तरफ से बुलेट मोटरसाइकिल से तीन युवक आये और बाइक रोक कर युवकों पर गोली चला दी। गनीमत रही कि गोली युवकों को नहीं लगी और पास में सड़क पर काम कर रहे ठेकेदार की कार के शीशे पर जा लगी। अचानक गोली चलने से अफरा-तफरी मच गई। घटना के बाद गोली चलाने वाले युवक बुलेट से फरार हो गये। उधर, जिनके ऊपर गोली चलाई गई, वे भी घटना के बाद वहां से चले गये।




सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और चारों ओर के सीसीटीवी कैमरे खंगालने शुरू कर दिये। थानाध्यक्ष पुष्पेंद्र चौधरी ने बताया शीघ्र ही हमलावरों की पहचान कर उन्हें जेल भेजा जाएगा। घटना को लेकर तरह-तरह के कयास लगाये जा रहे हैं।

### एशियन गेम्स

## भारत को 6 मेडल

भारत ने जापान के नगोया में चल रहे एशियन गेम्स में 6 मेडल जीत लिए हैं। इनमें से 5 मेडल शूटर्स ने दिलाए। एक मेडल सुचिका तारियाल ने मिक्स्ड मार्शल आर्टस में दिलाया। सोमवार को मेंस 10 मीटर राइफल इवेंट में हिमांशु ढिल्लों (252.4 अंक) ने सिल्वर और रुद्रांश पाटिल (230.9 अंक) ब्रॉन्ज जीते। चीन के शेंग लिहाओ (254.2 अंक) ने गोल्ड जीता।

टीम इवेंट में भारतीय टीम 1890.1 अंक के साथ दूसरे स्थान पर रही। इस टीम में पार्थ माने, रुद्रांक्ष पाटिल और हिमांशु ढिल्लों शामिल रहे। चीन (1899.9 अंक) पहले और कोरिया (1884.2 अंक) तीसरे स्थान पर रही। भारत एशियन गेम्स की मेडल टैली में 10वें स्थान पर है। उसके खाते में अब 4 सिल्वर समेत 6 मेडल हैं। चीन 15 गोल्ड समेत 24 मेडल लेकर पहले स्थान पर है। जापान 6 गोल्ड समेत 23 मेडल के साथ दूसरे और साउथ कोरिया 4 गोल्ड समेत 17 मेडल के सहारे तीसरे स्थान पर है।




बिना आप्रेशन/बिना चीड़-फाड़

बवासीर PILES | भगन्दर FISTULA | फिशर FISSURE



नोएडा-गुरुग्राम के प्रख्यात गुदा रोग विशेषज्ञ

डॉ. सुधांशु चौधरी

MS (Anorectal Surgeon)

अब

सप्ताह में दो दिन बिजनौर में

बृहस्पतिवार -बिजनौर

शुक्रवार - बास्टा



न शर्मायें, न छिपायें न करें घरेलू उपचार न जायें नीम हकीमों के द्वार मात्र 10 दिनों में पायें स्थायी समाधान

बिना भर्ती, शीघ्र रिकवरी के साथ इस तकनीक द्वारा यह रोग भविष्य में कभी नहीं होते।

किसी भी शंका के समाधान के लिये तुरन्त कॉल करें-

Mob.7302127966, 9411226422, 9871884104

सुश्रुत कोलोरेक्टल सेंटर

पता - निकट मित्तल पेट्रोल पम्प, बैराज रोड, बिजनौर

पता - श्री साईं अस्पताल बस स्टैण्ड चौराहा बास्टा तह.-चान्दपुर, जिला-बिजनौर

# विकास बुक हाउस ने आयोजित किया सम्मान समारोह

चांदपुर (चिंगारी)। विकास बुक हाउस चांदपुर की ओर से आयोजित शिक्षक सम्मान समारोह में शिक्षकों व स्कूल के प्रबंधक/प्रधानाचार्यों को सम्मानित किया गया।

नगर के मुहल्ला सन्तनगर (नहटौर रोड) स्थित केडी फार्म हाउस में नरोत्तम शरण गुप्ता की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि विवेक यूनिवर्सिटी बिजनौर के चांसलर अमित गोयल शिक्षकों के सम्मान में कार्यक्रम आयोजित करने के लिए विकास गुप्ता को बधाई दी। श्री गोयल ने कहा कि एक शिक्षक ही है,जो चाहता है कि उसके शिष्य कुछ बनकर नाम रोशन करें। उन्होंने कहा कि कुछ शिक्षक ऐसे होते हैं,जो जीवन भर याद आते हैं। उन्होंने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में कार्य करने वाले शिक्षक प्रशंसनीय हैं। उन्होंने शिक्षकों से बच्चों को शिक्षा के साथ-साथ चरित्रवान व संस्कारवान बनाए जाने का भी आह्वान किया। कार्यक्रम आयोजक विकास गुप्ता व उनकी धर्मपत्नी दीपाली गर्ग ने कार्यक्रम में उपस्थित होने के लिए सभी शिक्षकों का आभार जताया। बाद में स्कूल प्रबंधकों, प्रधानाचार्य, शिक्षकों व पत्रकारों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।




विवेक यूनिवर्सिटी के चांसलर अमित गोयल व वरिष्ठ समाजसेवी गोविंद मित्तल को सम्मानित करते हुए।

## बच्चों को अच्छा इंसान भी बनायें- गोविंद

**वरिष्ठ समाजसेवी गोविन्द मित्तल ने कहा कि एक शिक्षक ही होता है,जो बच्चों को तराशता है, शिक्षकों के योगदान को कभी भूलाया नहीं जा सकता है। उन्होंने शिक्षकों से आह्वान किया कि वे बच्चों को शिक्षित करने के साथ-साथ उन्हें एक अच्छा इंसान भी बनायें। श्री मित्तल ने कहा कि उन्होंने अपनी गली को ग्रीन गली बना दिया है, वे चाहते हैं कि शहर के लोग भी अधिक से अधिक पौधे लगाकर शहर को ग्रीन शहर बनाने के लिए आगे आएं।**

कार्यक्रम आयोजक विकास गुप्ता व दीपाली गर्ग ने मुख्य अतिथि व अन्य अतिथियों को स्मृति चिन्ह प्रदान किये। कार्यक्रम में राकेश सिंघल, व्यापारी नेता अनुज गुप्ता, मौ. इल्यास कुरैशी, इमरान अहमद, कुलवीर सिंह, नौशाद अली जैदी,नदीम बख्त, कुलवीर सिंह,रूबी सुल्ताना, नईम हारिस,मौ. जाकिर, साजिदा परवीन, चंचल मलिक मेरठ, बलकरन सैनी सहित सैकड़ों की संख्या में विभिन्न स्कूलों के प्रबंधक, प्रधानाचार्य व शिक्षक मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन अयाज उल ऐजाज ने किया।

# आभूषण उद्योग को एमडीएम चार्ज से छूट देने की मांग

## ज्वैलर्स एसोसिएशन ने यूपीआई भुगतान पर चार्ज का विरोध किया

**स्योहारा (चिंगारी)।** मर्चेंट यूपीआई भुगतान को लेकर व्यापारियों ने जिलाधिकारी को विरोध पत्र भेजा, जिसके बाद प्रेस वार्ता में व्यापार मंडल के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं उत्तर प्रदेश ज्वैलर्स एसोसिएशन के प्रदेश महामंत्री अरुण वर्मा ने बताया कि दो हजार रुपये से अधिक के मर्चेंट यूपीआई भुगतान पर प्रस्तावित 0.40 प्रतिशत मर्चेंट डिस्काउंट रेट (एमडीआर) को लेकर आभूषण कारोबारियों ने विरोध जताया है। उन्होंने 15 अक्तूबर से प्रस्तावित व्यवस्था वापस लेने या आभूषण उद्योग को इससे पूरी तरह छूट देने की मांग की है। अधिकांश छोटे और मध्यम ज्वैलर्स केवल दो से तीन प्रतिशत ग्रॉस मार्जिन पर कारोबार करते हैं। ऊंची बिक्री कीमत का अर्थ अधिक मुनाफा नहीं होता। उन्होंने कहा कि दो लाख रुपये के आभूषण की बिक्री पर ज्वैलर का ग्रॉस मार्जिन करीब 4,000 से 6,000 रुपये होता है। ऐसे में 300 रुपये का अधिकतम यूपीआई शुल्क उसके ग्रॉस मार्जिन का करीब पांच से 7.5 प्रतिशत तक कम कर देगा। अरुण वर्मा ने कहा कि बिल की अधिकांश राशि सोने की लागत होती है और कारोबारियों का वास्तविक मार्जिन सीमित रहता है, इसलिए बिक्री मूल्य पर एमडीआर लगाना छोटे दुकानदारों पर बोझ है। अरुण वर्मा ने कहा कि शुल्क से छोटे कारोबारियों पर नकद लेनदेन की ओर लौटने का दबाव बन सकता है। अरुण वर्मा के अनुसार, अधिकांश छोटे और मध्यम ज्वैलर्स केवल दो से तीन प्रतिशत ग्रॉस मार्जिन पर कारोबार करते हैं। ऊंची बिक्री कीमत का अर्थ अधिक मुनाफा नहीं होता। दो लाख रुपये के आभूषण की बिक्री पर ज्वैलर का ग्रॉस मार्जिन करीब 4,000 से 6,000 रुपये होता है। ऐसे में 300 रुपये का अधिकतम यूपीआई शुल्क उसके ग्रॉस मार्जिन का करीब पांच से 7.5 प्रतिशत तक कम कर देगा। उन्होंने आगे कहा कि बिल की अधिकांश राशि सोने की लागत होती है और कारोबारियों का वास्तविक मार्जिन सीमित रहता है। अरुण वर्मा ने कहा कि शुल्क से छोटे कारोबारियों पर नकद लेनदेन की ओर लौटने का दबाव बन सकता है।

## साइकिल व बाइक की टक्कर में युवक घायल

**नहटौर (चिंगारी)।** साइकिल और बाइक की टक्कर में बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रैफर कर दिया। नहटौर के ग्राम तरकोला निवासी मनीष कुमार (पुत्र दयाराम, उम्र करीब 40 वर्ष) रविवार शाम लगभग 7 बजे अपनी बाइक से घर लौट रहे थे। चक मोड़ के पास उनकी बाइक सामने से आ रही एक साइकिल से टकरा गई। टक्कर इतनी तेज थी कि बाइक सवार मनीष कुमार सड़क पर गिरकर बुरी तरह घायल हो गया।

## 24 सितंबर को निकलेगा सपा का पीडीए रथ

**लखनऊ (चिंगारी)।** 2027 में होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर समाजवादी पार्टी की तैयारियां जोरों पर हैं। चुनाव से पहले सपा प्रदेश में पीडीए रथ निकालेगी। अखिलेश यादव ने इसका ऐलान कर दिया है। उन्होंने कहा, रायबरेली से पीडीए रथ ही शुरुआती होगी। 24 सितंबर को वह इसी रथ से रायबरेली के हरचंदपुर से विधायक राहुल लोधी के आवास जाएंगे। अखिलेश यादव ने बताया कि पीडीए रथ निकालने को लेकर पूरा कार्यक्रम भी तय हो चुका है। वह 24 सितंबर को सुबह सवा 11 बजे लखनऊ स्थित अपने आवास से कार में रवाना होंगे। दोपहर 12:15 बजे रायबरेली सीमा के पास चुरुआ से पीडीए रथ पर सवार हो जाएंगे।





अब धामपुर में भी इलेक्ट्रिक स्कूटर का शोरूम खुल गया है

पता- इंदिरा नगर कॉलोनी निकट आयुष्मान हॉस्पिटल, धामपुर
मो. 9762717747

बिजनौर/धामपुर में एथर शोरूम के लिये आवश्यकता है- शोरूम मैनेजर, सेल्स एक्सयूटिव एवं मैकेनिक की। मो. 8192801901

Dhruvika Motors

Ankur Heights Opp- IOC Petrol Pump
Near Axis Bank, Kiratpur Road Bijnor
246701 Ph- 9119766026

# जीवन को सार्थक बनाने के लिये उत्तम संयम धर्म को अपनायें- जैन मुनि

**नहटौर ( चिंगारी )।** सकल जैन समाज नहटौर के तत्वावधान में चल रहे दशलक्षण महापर्व के छठे दिन सोमवार को मंदिर परिसर में जैन मुनि विव्रत सागर ने उत्तम संयम पर प्रकाश डालते हुए कहा कि संयम का अर्थ है अपनी इंद्रियों और मन को नियंत्रण में रखना, ताकि वे गलत दिशा में न भटकें।

सोमवार को दिगंबर जैन मंदिर परिसर में दश लक्षण पर्व पर जैन समाज के लोगों ने मंदिर परिसर में पहुंचकर पूजा अर्चना की। इसी दौरान जैन मुनि विव्रत सागर उत्तम संयम पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उत्तम संयम धर्म का अर्थ है कि मन वचन और शरीर को काबू में रखना और इंद्रियों को वश में करना। मनुष्य को अपने जीवन को सार्थक बनाने के लिए सभी प्रलोभनों से मुक्त होकर संयमित जीवन जीने का प्रयास करना चाहिए। उन्होंने बताया कि व्यक्ति संयम द्वारा अपने जीवन को सफल बना सकता है। संयम इस बात का होना चाहिए किसी दूसरे जीव को हमारे द्वारा कोई कष्ट न हो। इससे पूर्व मंदिर परिसर से प्रभात फेरी निकली गई। नगर के निर्धारित मार्गो से होती हुई प्रभातफेरी मंदिर परिसर में जाकर संपन्न हुई। प्रबंधक राजीव जैन, जितेंद्र जैन, पुनीत जैन, नितिन जैन, पंकज जैन, अभिनय जैन, विनय जैन, डॉ अंकुर जैन, शैलेन्द्र जैन, राजेश जैन, निकुंज वशं जैन, अचल जैन, हिमानी जैन, संदीप जैन, पारस जैन, विवेक जैन, सौरभ जैन, आदि ने भाग लिया। इसके अलावा गांव पाडला में भगवान ऋषभ नाथ के मंदिर में जैन समाज के श्रद्धालुओं ने पहुंचकर पूजा अर्चना की अपने परिवारों की सुख समृद्धि की कामना की। इसी क्रम में गांव बल्दाना में स्थित पारसनाथ दिगंबर जैन मंदिर में जैन पंडित सनमति ने धार्मिक अनुष्ठान क्रियों के साथ पूजा अर्चना संपन्न कराई।



भगवान ऋषभनाथ मंदिर में पूजा-अर्चना करते जैन समाज के लोग

# ट्रेन की चपेट में आकर अधेड़ की मौत

**हल्दौर ( चिंगारी )।** आज सुबह हल्दौर-अम्हेड़ा रेलवे ट्रैक के बीच ट्रेन की चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई, जिससे उसके परिवार में कोहराम मच गया। मृतक भारतीय किसान यूनियन टिकैत गुट के सक्रिय कार्यकर्ता थे।

जानकारी के अनुसार आज सुबह हल्दौर रेलवे फाटक से अम्हेड़ा रेलवे ट्रैक के बीच गैस गोदाम के पास स्थित अंडरपास के पास एक व्यक्ति का शव पड़ा मिला और उसकी मोटरसाइकिल अलग कुछ दूरी पर पड़ी हुई थी। सूचना पाकर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए बिजनौर भेजा। पुलिस के अनुसार आज सुबह किसी ट्रेन की चपेट में आने से उसकी मौत हुई है। मृतक की पहचान जितेंद्र सिंह (55 वर्ष) पुत्र मदनपाल सिंह निवासी ग्राम चांदा नगली, थाना हल्दौर के रूप में हुई। थाने पहुंचे परिजनों ने बताया कि मृतक जितेंद्र सिंह कल शाम से घर से गायब थे और वह भारतीय किसान यूनियन के सक्रिय कार्यकर्ता थे। किसान यूनियन (टिकैत) के जिलाध्यक्ष सुनील प्रधान ने भी थाने पहुंचकर मामले की जानकारी ली।

# नहर किनारे रोती मिली तीन वर्षीय बच्ची

**नगीना ( चिंगारी )।** मुनीम चौक के पास नहर पर सोमवार को करीब तीन वर्षीय बच्ची लावारिस हालत में रोती हुई मिली। बच्ची को अकेले देखकर लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही कोबरा-32 पर तैनात हेड कांस्टेबल सनी राज तोमर मौके पर पहुंचे और बच्ची को अपने साथ लेकर उसके परिजनों की तलाश शुरु की।

पुलिसकर्मी ने बच्ची से मिली जानकारी और आस-पास के लोगों से पूछताछ के आधार पर उसके परिजनों का पता लगाया। इसके बाद बच्ची को सकुशल उसके परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया। बच्ची की पहचान मरियम पुत्री इकरामुद्दीन निवासी मोहल्ला लुहारी सराय, नगीना के रुप में हुई। बच्ची के सकुशल मिलने पर परिजनों ने राहत की सांस ली और पुलिसकर्मी का आभार जताया।



# बैंकेट हॉल की दीवार पर चढ़े गुलदार को देखकर राहगीर सहमे



कासमपुर गढ़ी में बैंकेट हॉल की दीवार में खड़ा गुलदार

**कासमपुर गढ़ी ( चिंगारी )।** कल देर शाम आबादी के पास स्थित एक बैंकेट हॉल की दीवार पर गुलदार को चढ़ा देख राहगीर सहम गए। किसी राहगीर द्वारा इसकी वीडियो बनाकर वायरल की गई जिसे देख लोगों में सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ने लगी है। अब आबादी में भी गुलदार की बढ़ी आवाजाही देखे जाने से लोग चिंतित हैं। वन विभाग द्वारा कहा जाता है कि कहीं भी कोई वन्य जीव दिखाई दे तो उसकी तुरंत सूचना दी जाए। लोग इस पर अमल करके सूचना देते भी हैं, मगर अनेक सूचनाओं के बावजूद वनकर्मी कुछ स्थानों पर पिंजरा लगाने उपरांत गुलदार को पकड़कर उसके प्राकृतिक वास में छोड़ देते हैं। कल देर शाम भी कासमपुर गढ़ी नहर से होते हुए पुक्खेवाला-त्रिलोकपुर मार्ग पर स्थित फेमस गार्डन नामक बैंके ट हाल की दीवार पर उधर से गुजर रहे राहगीरों ने गुलदार को देखा तो सहमकर रुक गए और फिर कुछ देर बाद गुलदार के वहां से चले जाने के बाद ही राहगीर अपने गंतव्य की ओर आगे बढ़े। उधर वन दरोगा सत्यवीर सिंह यादव का कहना है कि वहां वनकर्मियों की टीम भेजकर जरूरी कार्यवाही कराई जाएगी।



कविता मोटर्स
हीरो मोटो कॉर्प के अधिकृत विक्रेता
किरतपुर रोड, श्री हॉस्पिटल के सामने बिजनौर
मो. 9289922765, 9457937407

**भली लगे या बुरी...**

## भारत की महत्वपूर्ण उपलब्धि

**हाल ही में दिल्ली में सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ ब्रिक्स सम्मेलन अनेक दृष्टिकोण से भारत की महत्वपूर्ण राजनयिक उपलब्धि है। यह उपलब्धि ऐसे समय प्राप्त हुई है, जब दुनिया रूस-यूक्रेन युद्ध, पश्चिम एशिया में युद्ध विस्तार के खतरे, संयुक्त राष्ट्र संघ जैसी अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं के क्षरण तथा निरंतर अस्थिरता की ओर अग्रसर है। वर्ष 2006 में ब्राजील, भारत, चीन और रूस द्वारा गठित ब्रिक 2010 में दक्षिण अफ्रीका के शामिल होने के बाद ब्रिक्स हो गया। तब से इस संगठन का तेजी से विस्तार हुआ और इसमें अब 11 देशों के साथ 10 सहयोगी देश शामिल हैं। स्थापना के बीस साल बाद नई दिल्ली में हुए सम्मेलन से अगले एक साल के लिए भारत को ब्रिक्स की अध्यक्षता मिल गई है। ब्रिक्स सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग तथा रूसी राष्ट्रपति व्लादीमिर पुतिन की हाथ में हाथ डाले तस्वीरें तथा मोदी का ईरानी राष्ट्रपति मसूद पेजेश्कियन का हाथ पकड़े तस्वीर अमेरिका समेत सारी दुनिया को संदेश देती हैं कि दुनिया अब किसी एक देश की 'दादागीरी' से संचालित होने वाली नहीं है। ब्रिक्स सम्मेलन के समय भारत की संभवत: सर्वाधिक महत्वपूर्ण उपलब्धि ईरानी राष्ट्रपति तथा संयुक्त अरब अमीरात के क्राउन प्रिंस नाह्यान के बीच सीधी वार्ता करना है जिससे पश्चिम एशिया में युद्ध के विस्तार तथा ईरान व यूएई के बीच आरोप-प्रत्यारोप का खतरा काफी सीमा तक समाप्त हुआ है। भारत की एक और उल्लेखनीय उपलब्धि सर्वसम्मति से ब्रिक्स का नई दिल्ली घोषणापत्र स्वीकार करना है, जिसकी उम्मीद पहले बहुत कम थी। नई दिल्ली घोषणा में इस्राइल-फिलिस्तीन संघर्ष के शांतिपूर्ण समाधान, एआई को आर्थिक एवं टिकाऊ विकास का महत्वपूर्ण आयाम मानने, परमाणु युद्ध के बढ़ते खतरे पर चिन्ता तथा महिलाओं और विकासशील देशों के लिए विशेष अवसर सृजित करने की आवश्यकता पर जोर जैसी बातें शामिल हैं। इसके साथ ही ब्रिक्स सम्मेलन में आतंकवाद के सभी रूपों की निन्दा के साथ ही पहलगाम आतंकी हमले की निन्दा भी भारत की महत्वपूर्ण उपलब्धि है।**

# नि:शुल्क यूपीआई का अंत लेकिन बोझ किसकी जेब पर?

-विवेकानंद

यूपीआई अब फ्री नहीं रहेगा, इस पर 0.4 प्रतिशत एमडीआर (मर्चेंट डिस्काउंट रेट) लगेगा। हालांकि सरकार का दावा है इसका बोझ ग्राहकों पर नहीं, बल्कि दुकानदार पर पड़ेगा, वहीं विरोध करने वाले इसे जनता पर बोझ बता रहे हैं। लेकिन सवाल यह नहीं है कि यूपीआई से पेमेंट करने पर कितना पैसा लगेगा। सवाल यह है कि सरकार झांसा दे रही है या यूपीआई पर एमडीआर वसूली को लेकर ईमानदार है।

जिस दिन से पेमेंट्स एंड सैटलमेंट्स सिस्टम्स एक्ट संसद में पास हुआ था, उसी दिन से यह आशंकाएं सिर उठाने लगी थीं कि अब यूपीआई पर टैक्स लगेगा। सरकार पहले न नुकुर करती रही। बीच में ऐसी खबरें भी आईं कि आरबीआई और वित्त मंत्रालय कोई ऐसा रास्ता निकाल रहे हैं, जिससे आम ग्राहकों पर कोई बोझ न पड़े। अब फैसला हुआ है कि यूपीए पर 0.4 प्रतिशत चार्ज लगेगा। जैसे ही यह खबर सामने आई अधिकांश सूचना तंत्र यह समझाने में लग गए कि यह टैक्स दरअसल ग्राहक को नहीं, बल्कि 2000 रुपए से अधिक की खरीदी पर मर्चेंट को लगेगा। वे हर शुल्क के साथ 'सिर्फ' लगाना नहीं भूल रहे हैं। लगे हाथ यह भी बता रहे हैं कि इसकी जरूरत क्यों पड़ी? बताया जा रहा है कि यूपीआई पेमेंट के पीछे एक पूरा सिस्टम काम करता है और उसके रखरखाव के लिए पैसे की जरूरत है। लिहाजा सरकार बड़े मर्चेंट से यह पैसा वसूल करेगी।

भारत पे के सहसंस्थापक अशनीर ग्रोवर ने इस पर सवाल उठाया है। उन्होंने कहा है कि आरबीआई सरकार को 2.87 लाख करोड़ का सरप्लस दे रही है। कुल लिस्टेड बैंकों का लाभ 4.11 लाख करोड़ है। वहीं एनपीसीआई, जो यूपीआई संचालित करता है, उसका सरप्लस 1,888 करोड़ है। सरकार और बैंकों को इतने लाभ के बाद आखिर क्यों एमडीआर लगाया जा रहा है और नुकसान किस बात का हो रहा है। सरकार आखिरी कौन सी सब्सिडी दे रही है, जो सरकार यूपीआई से वसूलना चाहती है।

भारत में आमतौर पर क्रेडिट कार्ड से भुगतान पर लगभग 1.5 प्रति. एमडीआर लगता है, जबकि डेबिट कार्ड पर यह 0.9 प्रति. तक होता है। फिलहाल यूपीआई से होने वाले भुगतान पर कारोबारियों से कोई एमडीआर नहीं लिया जाता। विपक्ष का कहना है कि अगर व्यापारियों पर अतिरिक्त लागत डाली जाती है, तो उसका बोझ आखिरकार वस्तुओं और सेवाओं की कीमतों के जरिए उपभोक्ताओं तक पहुंच सकता है। पुराना अनुभव इस बात की तस्दीक भी करता है। ऐसे कई उदाहरण मौजूद हैं, जो बताते हैं कि जब भी मर्चेंट पर फीस लगी तो इसे ग्राहकों से ही वसूला गया। पेट्रोल पंप से लेकर ज्वैलर्स, सिनेमा हॉल, ट्रेवल एप, रेस्टोरेंट मर्चेंट फीस किसी न किसी रूप में ग्राहकों पर ही थोपते हैं। सरकार भी इससे अंजान नहीं है।

यह स्थापित सत्य है कि इस देश में भिखारी भी टैक्स भरता है। कोई बिस्किट का पैकेट भी लीजिए उसके नीचे लिखी एमआरपी के पास दर्ज होता है (सभी टैक्स सहित)। यह सभी टैक्स सहित का मतलब है कि दुकानदार या कंपनी उस बिस्किट पर




लगने वाला टैक्स भी जनता से वसूल रही है। यह कानूनी रूप से वैध भी है। इसे सरकार नाम देती है अप्रत्यक्ष कर। बहरहाल! एक और गणित बताया जा रहा है कि देश के 95 प्रतिशत पेमेंट इस दायरे से बाहर रहेंगे। तर्क यह है कि भारत में यूपीआई से होने वाले कुल मर्चेंट पेमेंट्स में से 96 प्रतिशत से ज्यादा ट्रांजेक्शन 2,000 या उससे कम के होते हैं। यानि देश के 95 प्रतिशत से अधिक छोटे और मध्यम व्यापारी इस चार्ज के दायरे से पूरी तरह बाहर रहेंगे। सरकारी आंकड़े एकदम दुरुस्त हैं, लेकिन मामले का दूसरा पहलू थोड़ा पेचीदा है।

ऐसा कौन सा स्टोर है, जहां आजकल दो हजार से नीचे का सामान खरीदा जाता हो? अकेले खाने के तेल के चार पैकेट हजार रुपए से ऊपर निकल जाते हैं। बस एक-दो सामान और जोड़ दीजिए बिल 2000 रुपए पार कर जाएगा। दूसरा सवाल कोई ऐसा स्टोर जहां दिन भर में हजार-पांच सौ लोग सामान खरीदने आते हैं, वह सभी ग्राहकों का पैसा अपनी जेब से भरेगा? बेशक वह सरकारी आदेश का पालन करेगा और किसी से यह कहकर अतिरिक्त पैसा नहीं वसूलेगा कि यह एमडीआर के लिए लिया जा रहा है, लेकिन पूरा संदेह है कि स्टोर इसका कोई रास्ता निकालेगा और इसका बोझ अंतत: ग्राहक पर ही आएगा। जैसे कि अब तक की मर्चेंट फीस पर हो रहा है।

एक और अहम सवाल यह है कि क्या सरकार ने यह फैसला अमेरिका के दबाव में लिया है? विपक्ष ऐसे आरोप लगा रहा है। हो सकता है आरोप में सत्यता न हो, लेकिन पिछला घटनाक्रम संदेह जरूर पैदा करता है। दरअसल यूपीआई को भारत में साल 2016 में शुरू किया गया था। इसके बाद से अमेरिकी कंपनियां वीजा और मास्टरकार्ड अपने बिजनेस में गिरावट की बात कह रहे हैं। इसी साल मार्च में फाइनेंशियल टाइम्स द्वारा जारी अमेरिका की विदेशी व्यापार बाधाओं संबंधी रिपोर्ट में भारत की यूपीआई और रुपे पर लागू जीरो एमडीआर नीति पर आपत्ति जताई थी, इसलिए विदेशी दबाव के सवाल उठ रहे हैं।

कुल मिलाकर कारण चाहे जो हो, अब जबकि सरकार ने कोई फैसला कर ही लिया है तो उसके असर को एक सर्वे के आईने में देख लेना चाहिए। साल 2024 में जब यह खबर आना शुरू हुई थी कि यूपीआई पर चार्ज लग सकता है, उसी दौरान लोकल सर्किल्स की ओर से एक सर्वे जारी किया गया था। यह सर्वे गूगल पर सार्वजनिक है। इस सर्वे में दावा किया गया था कि रिपोर्ट के मुताबिक, यूपीआई सेवा पर यदि किसी तरह का लेनदेन शुल्क लगाया जाता है, तो 75 प्रतिशत यूजर्स इसका इस्तेमाल बंद कर देंगे। सर्वे में कहा गया था कि सिर्फ 22 प्रतिशत यूपीआई यूजर्स भुगतान पर लेनदेन शुल्क का बोझ उठाने को तैयार हैं। वहीं 75 प्रतिशत लोगों ने कहा कि अगर लेनदेन शुल्क लगाया जाता है, तो वे यूपीआई का उपयोग करना बंद कर देंगे। यदि इस सर्वे में मामूली सी भी सत्यता है तो यह एक क्रांतिकारी पहल को गहरी चोट हो सकती है।

## दुनिया के शोर के बीच शब्दों की खामोशी

**हर दिन हम असंख्य शब्दों के बीच जीते हैं- बोलते, लिखते और समझाते हुए। फिर भी जीवन के कुछ सबसे गहरे क्षण ऐसे होते हैं, जहां शब्द साथ छोड़ देते हैं और केवल खामोशी बचती है। यह खामोशी रिक्त नहीं होती, इसमें भावनाओं, अनुभवों और रिश्तों की गहराई छिपी रहती है। जब शब्द थक जाते हैं, तब मौन जीवन की सबसे सच्ची भाषा बन जाता है।**

हम बचपन से सीखते हैं कि संवाद बोलने से होता है, लेकिन समय सिखाता है कि हर संवाद शब्दों का मोहताज नहीं होता। मां का बिना कुछ कहे बच्चे की थाली में दूसरा निवाला रखना, पिता का चुपचाप जिम्मेदारियां निभाना-ये सब मौन से व्यक्त प्रेम के उदाहरण हैं। वहीं कुछ खामोशियां पीड़ा भी बन जाती हैं, जब मन की बात दबा दी जाती है या समाज बोलने से रोक देता है। दुख के क्षणों में अक्सर शब्द साथ नहीं देते। किसी अपने के बिछड़ने पर आंखों की नमी और चुप्पी ही वह सब कह देती है, जिसे भाषा व्यक्त नहीं कर पाती। अस्पताल के बाहर बैठा व्यक्ति, जो अपने प्रियजन की चिंता में चुप रहता है, उसकी खामोशी डर, उम्मीद और प्रार्थना का मिश्रण होती है। इसी तरह कक्षा में बैठा वह छात्र, जो उत्तर जानते हुए भी हाथ नहीं उठाता, उसकी चुप्पी आत्मविश्वास की कमी या पुराने अनुभवों की कहानी कहती है।

रिश्तों में भी मौन की अपनी भाषा होती है। वर्षों साथ रहने वाला बुजुर्ग दंपति बिना अधिक बोले भी एक-दूसरे को समझ लेता है। लंबे समय बाद मिले मित्रों के बीच की सहज चुप्पी रिश्तों की स्थिरता को दर्शाती है, लेकिन हर मौन सुंदर नहीं होता। वह स्त्री, जो सबका ध्यान रखते हुए भी अपने दर्द को दबा देती है, उसकी खामोशी मजबूरी और अकेलेपन का प्रतीक बन जाती है।

प्रकृति भी मौन की शक्ति सिखाती है। पहाड़ों की निस्तब्धता, समुद्र की गहराई और बारिश के बाद की शांत सड़कें बिना शब्दों के मन को सुकून देती हैं। कई बार जीवन में सही समय पर चुप रह जाना बोलने से अधिक साहस मांगता है। हर प्रतिक्रिया आवश्यक नहीं होती और हर सत्य तुरंत कहना भी उचित नहीं होता।

आज, जब दुनिया शब्दों के शोर से भरी है, खामोशी दुर्लभ होती जा रही है, फिर भी यही मौन हमें ठहरना, सुनना और स्वयं को समझना सिखाता है। अतंत: शब्द और खामोशी विरोधी नहीं, बल्कि एक-दूसरे के पूरक हैं। शब्द दिशा देते हैं और खामोशी गहराई। जीवन की सबसे सच्ची अनुभूतियां अक्सर वहीं जन्म लेती हैं, जहां शब्द समाप्त हो जाते हैं। यही कारण है कि संवेदनशील मनुष्य केवल बोलना नहीं, बल्कि मौन को सुनना भी सीखता है, क्योंकि कई बार खामोशी में छिपे भाव शब्दों से कहीं अधिक स्पष्ट, सच्चे और प्रभावशाली होते हैं।

**एक तारा बोले.....** **- महिमा सामंत**

# 36 उम्मीदवारों में से 13 डेलीगेट्स हुए निर्वाचित

## मुल्तानी बिरादरी की नई कमेटी के लिए डेलीगेट्स के चुनाव

**नगीना (चिंगारी)।** मुल्तानी बिरादरी की नई कमेटी गठित करने के लिए 13 डेलीगेट का निर्वाचन शांतिपूर्वक संपन्न हुआ। ये निर्वाचित डेलीगेट अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सचिव, कोषाध्यक्ष समेत पूरी कार्यकारणी का गठन करेंगे। अकबराबाद चौक के पास स्थित एक बैंक्विट हॉल में रविवार को चुनाव प्रक्रिया सुबह आठ बजे शुरू हुआ। बैलेट पेपर से हुआ मतदान दोपहर दो बजे खत्म हुआ। डेलीगेट्स चुनाव के लिए कुल 36 प्रत्याशी मैदान में थे। बिरादरी के 1560 मतदाताओं में से 1248 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। निर्वाचन अधिकारी ने चुनाव परिणाम की घोषणा करते हुए बताया कि 36 उम्मीदवारों में से 13 क्रमश: खलीक अहमद नासिर खान, नासिर अहमद, अजीम, मो.सिद्दीक, मतीन अहमद, मो.आसिम, इकरार अहमद, हैदर सलीम, मो. साजिद, अतिफ अमीर, आबिद अर्शी, मो.जावेद निर्वाचित हुए हैं। निर्वाचित डेलीगेट्स के समर्थकों ने उन्हें गजरों से लादकर विजय जुलूस निकाला।



चुनाव दिल्ली के मो. जैद, कोटद्वार के खलील अहमद, मुजफ्फरनगर के हाजी मो. जाहिद, सलाउद्दीन, नजीबाबाद के तसलीम अहमद, हाफिज साहब, मो. जुबैर, डॉ.नसीम, खतौली के शहबाज इकबाल, मिर्जा आबिद अली, अफजाल मिर्जा, अब्दुर्रहीम, वसीम समद, इंजी उस्मान अहमद आदि की देखरेख में हुआ। चुनाव प्रक्रिया के दौरान निकाय संघ के जिलाध्यक्ष शेख शाहनवाज खलील, काष्ठ कला उद्यमी जुल्फिकार आलम, डॉ. दाऊद मुल्तानी, इरशाद अली मुल्तानी, एमएम इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य शाहिद अली गौहर, काष्ठ कला उद्यमी सलीम अहमद व्हील वाले, डॉ.कमाल, ताहिर मुल्तानी, आफताब मुल्तानी, मौहम्मद नासिर आदि मौजूद है।

# कमलेश भुईयार ने नहटौर में कार्यालय खोला योगी सरकार पर हमला बोला

**नहटौर (चिंगारी)।** नहटौर विधानसभा क्षेत्र से समाजवादी पार्टी की संभावित उम्मीदवार कमलेश भुईयार ने आगामी चुनावों के दृष्टिगत अपने जनसंपर्क अभियान को और अधिक धार देने के लिए नहटौर में मुख्य संपर्क कार्यालय का भव्य उद्घाटन किया। इस अवसर पर पार्टी कार्यकर्ताओं और समर्थकों का भारी हुजूम मौजूद रहा। कार्यक्रम के दौरान कमलेश भुईयार ने कहा कि इस कार्यालय के खुलने से क्षेत्र की जनता और कार्यकर्ताओं से संवाद स्थापित करना और आसान होगा। उन्होंने दावा किया कि सपा सरकार की जनहितकारी नीतियों को घर-घर तक पहुँचाना और क्षेत्र की समस्याओं को प्रमुखता से उठाना ही उनका मुख्य उद्देश्य है। कमलेश भुईयार ने योगी सरकार को हर मोर्चे पर विफल बताते हुए कहा कि आगामी चुनाव में समाजवादी पार्टी पूर्ण बहुमत की सरकार बनायेगी। सपा सुप्रीमो श्री अखिलेश यादव उत्तर प्रदेश के अगले मुख्यमंत्री होंगे। उद्घाटन समारोह में मुख्य रूप से प्रभा चौधरी, कृपा रानी प्रजापति, श्लोक पवार, ओमपाल सिंह, सिकंदर कसार, योगेन्द्र चौहान, डॉ. लुकमान हैदर, काजी जमील नासिर, रवि ठाकुर, नरपाल भुइयार, राजवीर चौधरी, भ्रमपाल प्रधान, धर्मपाल सिंह, पूर्व ब्लॉक प्रमुख सत्यवीर चौधरी, प्रमोद कुमार, घनश्याम सिंह, लाल सिंह भुइयार, नरेंद्र भुइयार, लोकेश भुइयार, बाबूराम, सतवीर चौधरी तथा वीरेंद्र चौधरी सहित भारी संख्या में क्षेत्रीय लोग व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



# 'हैप्ट' की स्वास्थ्य जागरूकता मुहिम में शामिल हुए 262 छात्र और 20 शिक्षक

**नहटौर (चिंगारी)।** हैल्थ एंड एजुकेशन प्रमोशन ट्रस्ट (हैप्ट) ने अपने स्वस्थ नहटौर मिशन के तहत डायबिटीज़ और हाई ब्लड प्रेशर जागरूकता कार्यक्रम के साथ सी.पी.आर. वर्कशॉप पर आधारित युवाओं की स्वास्थ्य जागरूकता मुहिम शुरू की है। पहले दो चरणों में नहटौर के चार सीनियर सेकेंडरी संस्थानों के 262 छात्र-छात्राओं और 20 शिक्षकों ने भाग लिया। इस मुहिम का उद्देश्य युवाओं को शुगर और हाई ब्लड प्रेशर जैसे गैर-संचारी रोगों से बचाव के बुनियादी उपायों के बारे में जागरूक करना और मेडिकल इमरजेंसी की स्थिति में शुरुआती मदद के लिए सी.पी.आर. की व्यावहारिक जानकारी देना है। पहले चरण में गवर्नमेंट गर्ल्स इंटर कॉलेज और मुस्लिम फंड गर्ल्स इंटर कॉलेज, नहटौर की 121 छात्राओं और 9 शिक्षकों ने भाग लिया। दूसरे चरण में स्हरूइंटर कॉलेज और ऑक्सफोर्ड सीनियर सेकेंडरी स्कूल के 141 छात्रों और 11 शिक्षकों ने कार्यक्रम में भाग लिया। डॉ. विकास त्यागी, MBBS, MD, संरक्षक, स्वस्थ नहटौर मिशन ने दोनों चरणों में स्वास्थ्य जागरूकता सत्र और प्रायोगिक सी.पी.आर. वर्कशॉप आयोजित कीं। कार्यक्रम में शामिल प्रत्येक छात्र ने सी.पी.आर. तकनीक का व्यावहारिक अभ्यास किया। SNSM इंटर कॉलेज में प्रधानाचार्य दुष्यंत त्यागी ने युवाओं में डायबिटीज़ और हाई ब्लड प्रेशर के प्रति जागरूकता बढ़ाने के हैप्ट के प्रयासों की सराहना की। ऑक्सफोर्ड सीनियर सेकेंडरी स्कूल के प्रधानाचार्य इदरीस अहमद ने छात्रों और युवा पीढ़ी में स्वयंसेवा की भावना को बढ़ावा देने के लिए हैप्ट के प्रयासों के प्रति आभार व्यक्त किया।



### 12 संस्थानों तक पहुँचेगी मुहिम

हैप्ट के सचिव गिज़ाल मैहदी ने बताया कि यह मुहिम नहटौर के सभी 12 सीनियर सेकेंडरी एवं इंटरमीडिएट स्तर के संस्थानों में आयोजित की जाएगी। इसके माध्यम से कक्षा 11 और 12 के लगभग 700 से 800 छात्रों तक पहुंचने का लक्ष्य है। कार्यक्रम में भाग लेने वाले छात्रों और शिक्षकों को प्रशंसा प्रमाण-पत्र भी दिए जाएंगे।

# नगीना में रेलवे ट्रैक पर मिला 70 वर्षीय वृद्ध का शव

**नगीना (चिंगारी)।** अकबराबाद रेलवे फाटक से 150 मीटर दूर अप लाइन पर रविवार को एक 70 वर्षीय वृद्ध का शव मिला है। सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची लेकिन शव की शिनाख्त नहीं हो सकी। नगीना थाने के उपनिरीक्षक सरवेज खान ने बताया कि रेलवे स्टेशन से ट्रैक पर सुबह करीब 10:30 बजे शव पड़ा होने की सूचना मिली थी। मौके पर पहुंचे तो पाया कि अकबराबाद रेलवे फाटक से करीब 150 मीटर दूर नजीबाबाद की दिशा में रेल ट्रैक पर वृद्ध का शव पड़ा हुआ था, जिसकी गर्दन धड़ से अलग थी। घटनास्थल पर शव के पास से कुछ दवाइयां और बिस्कुट का पैकेट भी बरामद हुए हैं। मृतक की अभी पहचान नहीं हो सकी है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए बिजनौर मोर्चरी भिजवा दिया। पुलिस द्वारा आस-पास के गांवों में शव की शिनाख्त कराने के प्रयास किए जा रहे हैं।

# श्री आदर्श रामलीला कमेटी का गठन

## वीरेंद्र सिंह अध्यक्ष व राहुल कुमार मंत्री बने

**कासमपुर गढ़ी (चिंगारी)।** गत दिवस कासमपुर गढ़ी व सीरवासुचंद के अनेक ग्रामीणों की उपस्थिति में आदर्श श्री रामलीला कमेटी सीरवासुचंद/कासमपुर गढ़ी का गठन किया गया, जिसमें वीरेंद्र सिंह अध्यक्ष व राहुल कुमार मंत्री चुने गए। सर्वसम्मति से हुए इस गठन में महावीर सिंह संरक्षक, निखिल कुमार उपसंरक्षक, वीरेंद्र सिंह अध्यक्ष, कमल कुमार उपाध्यक्ष, राहुल कुमार मंत्री, कुलदीप सिंह उपमंत्री, कर्ण प्रताप सिंह कोषाध्यक्ष, हेमंत कुमार उपकोषाध्यक्ष, टिकेंद्र सिंह निरीक्षक, गजेंद्र सिंह उपनिरीक्षक एवं नितिन कुमार, मोहित चौहान, ललित चौहान, रोविल कुमार व गोपाल सिंह सहायक चुने गए।



# काजू-बादाम-मखाना से बनी गणेश प्रतिमा बनी आकर्षण का केन्द्र

**धामपुर (चिंगारी)।** काजू-बादाम-मखाना से निर्मित गणेश प्रतिमा के सातवें दिन विधि-विधान से पूजन कराकर कढ़ी-चावल भंडारे का आयोजन श्री गणेश चौथ समिति बड़ी मंडी धामपुर द्वारा किया गया। सातवें दिन के पूजन में विकास अग्रवाल, नितिन अग्रवाल, गौरव अग्रवाल, संजय अग्रवाल, आलोक अग्रवाल, उदित गर्ग, पुलकित जैन, निशांत अग्रवाल एवं मोनू मुख्य यजमान रहे। पूजन कार्यक्रम पंडित रवि शंकर शर्मा द्वारा वैदिक विधि-विधान एवं मंत्रोच्चार के साथ संपन्न कराया गया। इस दौरान श्रद्धालुओं ने भगवान श्री गणेश का पूजन कर सुख-समृद्धि एवं परिवार की खुशहाली की कामना की। पूजन कार्यक्रम में विवेक अग्रवाल, मयंक सैनी, संजय अग्रवाल, मुनिया, राजीव अग्रवाल खाटू वाले, विकास अग्रवाल, मोहित बंसल, सचिन सिंघल, अरुण कुमार अग्रवाल मौजूद रहे। पूजन के उपरांत समिति द्वारा कढ़ी-चावल के भंडारे का आयोजन किया गया। इस अवसर पर समिति संयोजक विजय जैन एवं सह संयोजक संयम जैन द्वारा सभी मुख्य यजमानों को पटका पहनाकर और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। काजू-बादाम-मखाना से निर्मित गणेश प्रतिमा महोत्सव का विशेष आकर्षण बनी हुई है, जिसे देखने और भगवान श्री गणेश के दर्शन करने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु बड़ी मंडी धामपुर पहुंच रहे हैं।


विकास अग्रवाल को पटका पहनाकर सम्मानित करते हुए संस्था के पदाधिकारी।

## 25 सितंबर तक चलेगा गणेश चतुर्थी महोत्सव

**धामपुर (चिंगारी)।** मंडी युवा व्यापार संगठन द्वारा बड़ी मंडी स्थित राजगढ़ियों की धर्मशाला में आयोजित 12 दिवसीय गणेश चतुर्थी महोत्सव पूजन के मुख्य यजमान दिनेश चंद्र नवीन, सचिन अग्रवाल, सुमित माहेश्वरी आदि रहे। पंडित ऋषि राम शर्मा ने गणपति पूजन कराया। संगठन के अध्यक्ष अजय कुमार पिंटू ने बताया यह महोत्सव 25 सितंबर तक चलेगा एवं 25 सितंबर को प्रात: 8 बजे गणपति विसर्जन शोभायात्रा बड़ी मंडी से निकाली जाएगी। उसके बाद गणपति को गंगा जल से स्नान कराकर कार्यालय में स्थापित करा दिया जाएगा। संगठन के अध्यक्ष अजय कुमार पिंटू, मनोज अग्रवाल, संजय कुमार अग्रवाल, विकास कुमार, विवेक कुमार, राजीव कुमार, राघव अग्रवाल, नवनीत धनोरिया, अजय कुमार, अंकित अग्रवाल, सुमित कुमार, महेंद्र, राहुल अग्रवाल उपस्थित रहे।

## भाकियू अध्यक्ष राजेश चौहान का जन्मदिन मनाया

**धामपुर (चिंगारी)।** भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेश चौहान का जन्मदिन ब्लॉक अल्हैपुर धामपुर के ब्लॉक अध्यक्ष अजय राजपूत के निवास स्थान पर अपने कार्यकर्ताओं के साथ केक काटकर मनाया गया। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि उनके सानिध्य में भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक का किसान परिवार किसानों के लिए संघर्ष कर रहा है। कार्यक्रम में जिला उपाध्यक्ष दुष्यंत राणा, तहसील महासचिव सुनील प्रधान, ब्लॉक अध्यक्ष अजय राजपूत, संगठन मंत्री सुरेश कुमार, भागेश कुमार, शमशेर बहादुर सुभाष चौहान, वीरेंद्र कुमार, राजीव शर्मा, बेगराज सिंह, गजेंद्र चौहान मीडिया प्रभारी, दिनेश चौहान आदि मौजूद रहे।

## डेकोरेटिव हाईमास्क लाईट लगाने के लिये गड्ढे खोदने का काम शुरू


जेसीबी मशीन से खुदाई करते हुए।

**धामपुर (चिंगारी)।** धामपुर नगर में जैतरा रेलवे क्रॉसिंग से प्रवेश करने वाले मुख्य मार्ग पर नगर पालिका परिषद द्वारा पथ प्रकाश व्यवस्था के अंतर्गत डेकोरेटिव हाई मास्क लाइट लगाए जाने के लिए शनिवार की रात जेसीबी मशीन से गड्ढे खोदने का काम किया गया। नगर पालिका परिषद के अधिशासी अधिकारी रवि शंकर शुक्ला व जलकल विभाग के जेई ने बताया कि जैतरा रेलवे फाटक से रेलवे स्टेशन होते हुए रोडवेज बस स्टैंड तक सड़क की दोनों साइड में डेकोरेटिव हाई मास्क लाइट लगाई जाएगी। इन हाई मास्क लाइटों को लगाने के लिए जेसीबी से गड्ढे खोदने का काम शनिवार की शाम 7 बजे से शुरू हो गया है। उन्होंने बताया कि इस रोड से ग्रामीण धामपुर नगर में प्रवेश करते हैं। लाइट लगने से जहां नगर का सौंदर्यकरण होगा, वहीं नागरिकों को राहत महसूस होगी। जैतरा रेलवे क्रॉसिंग से ग्राम जैतरा, अमखेड़ा, मधी, परमावाला, बुआपुर नत्थू, अथाई शेख आदि क्षेत्रों के ग्रामीण धामपुर खरीदारी करने के लिए आते हैं। इसके अलावा प्रत्येक शनिवार को बड़ी मंडी में साप्ताहिक बाजार भी लगता है, जिसमें बाहर के व्यापारी भी आते हैं।

## मंदिर के लिये रास्ता छोड़े जाने की मांग

### चेयरमैन को दिया ज्ञापन


पालिकाध्यक्ष को ज्ञापन देते हुए नागरिक।

**धामपुर (चिंगारी)।** नगीना मार्ग स्थित प्राचीन सिद्ध पीठ मंदिर कालियावाला के सामने लोक निर्माण विभाग द्वारा सड़क का चौड़ीकरण किए जाने के बाद बनाए जा रहे डिवाइडर में से मंदिर जाने के लिए रास्ता छोड़े जाने की मांग को लेकर रविवार को नागरिकों ने धरना देकर नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष को ज्ञापन दिया। ज्ञापन में कहा गया है कि नगीना रोड पर स्थित प्राचीन सिद्ध पीठ श्री कालियावाला मंदिर के सामने सड़क पर बनाये जा रहे डिवाइडर पर मंदिर के पास सड़क पार करने के लिये कोई रास्ता नहीं छोड़ा जा रहा है, जिससे मंदिर दर्शन हेतु प्रतिदिन शहर व ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाले श्रद्धालुओं को सड़क पार करने में भारी परेशानी का सामना करना पड़ेगा। ज्ञापन में कहा गया है कि चैत्र और क्वार के महीने में आने वाले नवरात्रों पर श्रद्धालु मंदिर में आकर माता रानी की पूजा अर्चना करते हैं। नगर पालिका अध्यक्ष रवि कुमार सिंह ने आश्वासन दिया कि वह इस संबंध में लोक निर्माण विभाग के जेई और ठेकेदार से वार्ता करेंगे। ज्ञापन देने वालों में सुधा रानी, कुनाल, ब्रिजेन्द्र, मधु चौहान, भूरा मल, शांति देवी, रेखा रानी, ममता देवी आदि शामिल रहे।

## मीमला में विश्वकर्मा जयंती मनाई गई

**धामपुर (चिंगारी)।** विश्वकर्मा कमेटी के द्वारा ग्राम मीमला में भगवान विश्वकर्मा जयंती का आयोजन हर्षोल्लास के साथ किया गया। इस अवसर पर भगवान विश्वकर्मा जी की विधि-विधान से पूजा-अर्चना एवं हवन किया गया। कार्यक्रम में ग्रामीणों एवं क्षेत्र के लोगों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। सभी ने भगवान विश्वकर्मा जी से सुख-समृद्धि, शांति एवं खुशहाली की कामना की। कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि भगवान विश्वकर्मा जी को सृजन, निर्माण एवं शिल्पकला का देवता माना जाता है। उनके आदर्शों से हमें मेहनत, लगन और कुशलता के साथ कार्य करने की प्रेरणा मिलती है। कार्यक्रम के दौरान यश कुमार विश्वकर्मा (अध्यक्ष), अवधेश विश्वकर्मा (उपाध्यक्ष), विवेक विश्वकर्मा (कोषाध्यक्ष), पवन विश्वकर्मा (महामंत्री), अनमोल विश्वकर्मा (संगठन मंत्री) उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन यश कुमार विश्वकर्मा के उज्ज्वल भविष्य की कामना के साथ किया गया।

धामपुर में दैनिक बिजनौर टाइम्स व सांध्य दैनिक चिंगारी में समाचार एवं विज्ञापन देने के लिए सम्पर्क करें।
बिजनौर टाइम्स-चिंगारी कार्यालय
निकट थाना कोतवाली, धामपुर
मनोज कात्यायन 9927500708
जुल्फिकार मंसूरी 9568154643

## गाजे-बाजे के साथ गणपति बप्पा की विदाई

**धामपुर (चिंगारी)।** धामपुर में जिन स्थानों पर पांच और सात दिवसीय गणेशोत्सव कार्यक्रम आयोजित किए गए हैं, उन स्थानों से भगवान गणेश जी की मूर्ति को विदाई देने का सिलसिला प्रारंभ हो गया है। जिसके अंतर्गत रविवार को मुख्य डाकघर के निकट अंकुर काम्पलेक्स में चल रहे सात दिवसीय गणेश चौथ महोत्सव कार्यक्रम का पूर्ण विधि विधान के साथ समापन करते हुए गणेश मूर्ति विसर्जन यात्रा निकाली गई। यात्रा में शामिल पुरुषों और महिलाओं ने ढोल की थाप और डीजे पर उच्चारित भजनों पर भावपूर्ण नृत्य करते हुए रंग और अबीर गुलाल की जमकर होली भी खेली। समापन कार्यक्रम का शुभारंभ सुमन देवी गोयल के संरक्षण में सामूहिक पूजन से किया गया, जिसके मुख्य यजमान अंकुर गोयल एवं उनकी धर्मपत्नी हर्षा रानी गोयल, रविंद्र किशोर गोयल एवं श्वेता रानी गोयल, विकल गुप्ता एवं मोनिका गुप्ता, रवि माथुर एवं राधा रानी माथुर, अंशुल गोयल एवं शिवानी गोयल, विनोद गुप्ता एवं प्रभा रानी गुप्ता आदि रहे। पूजन कार्यक्रम पुरोहित आचार्य पंडित गौरव कृष्ण भारद्वाज ने वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच संपादित कराया। पूजन कार्यक्रम में पंडित माधव कृष्ण भारद्वाज का योगदान रहा। पूजन के उपरांत एक सुसज्जित वाहन पर भगवान गणेश की मूर्ति को विराजमान करके विसर्जन यात्रा निकाली गई। उक्त यात्रा निर्धारित मार्गो से होते हुए नगीना चौराहा पहुंची, जहां से श्रद्धालु परिवार मूर्ति को गंगा जी में विसर्जित करने के लिए रवाना हुए।


विसर्जन यात्रा में शामिल श्रद्धालु।

# क्षेत्र का विकास मेरी प्राथमिकता : ओम कुमार

**नहटौर ( चिंगारी )**। विधानसभा क्षेत्र नहटौर में विकास की रफ्तार लगातार तेज हो रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आशीर्वाद से क्षेत्र को मिली विकास की सौगात के क्रम में विधायक ओम कुमार ने ग्राम जसमोरा में गांगन नदी पर 3.10 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित लघु सेतु मार्ग एवं सुरक्षात्मक कार्य का लोकार्पण किया। पुल के शुरू होने से दर्जनों गांवों के ग्रामीणों को आवागमन में बड़ी सुविधा मिलेगी और उनका संपर्क मार्ग सुगम व सुरक्षित होगा।

इसके बाद विधायक ने ग्राम कलाली से भटियाना-खुशालपुर मार्ग के नवनिर्माण कार्य का शुभारंभ किया। करीब 96 लाख रुपये की लागत से बनने वाला यह मार्ग क्षेत्र के ग्रामीणों के लिए आवागमन की सुविधा को और बेहतर करेगा। विधायक ओम कुमार ने कहा कि केंद्र और प्रदेश की भाजपा सरकार बिना किसी भेदभाव के गांव-गांव विकास पहुंचाने के संकल्प के साथ कार्य कर रही है। जनता की मांग और क्षेत्र की आवश्यकता को प्राथमिकता देते हुए सड़क, पुल, बिजली, शिक्षा, स्वास्थ्य तथा अन्य मूलभूत सुविधाओं से जुड़े विकास कार्य कराए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि नहटौर का सर्वांगीण विकास उनकी प्राथमिकता है और क्षेत्र की जनता की अपेक्षाओं के अनुरूप विकास कार्यों का सिलसिला आगे भी निरंतर जारी रहेगा। कार्यक्रम में बहादुर सिंह प्रधान, नरेश चेयरमैन, विपिन कुमार तहसीलदार धामपुर, हेमंत प्रताप सिंह अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग बिजनौर, हेमेंद्र प्रधान, कुनाल चांग, वीरबहादुर प्रधान कलाली, शकील प्रधान नसीरपुर, दानिश प्रधान जसमोरा, दानवीर चौहान, दिव्यांशु दहिया, चमन दहिया, त्रिलोकचंद सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी उपस्थित रहे। क्षेत्रवासियों ने विधायक ओम कुमार द्वारा कराए जा रहे विकास कार्यों की सराहना करते हुए उनका आभार व्यक्त किया।


लघु सेतु मार्ग का लोकार्पण करते हुए विधायक ओम कुमार

# अब रंगमंच पर दिखेगी मोदी की 25 साल की सेवा यात्रा की कहानी

## नाटक के माध्यम से होगा नमो सेवा अनकही कहानियों का मंचन

**कासमपुर गढ़ी ( चिंगारी )**। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सार्वजनिक जीवन के 25 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर सेवा संकल्प अभियान के तहत उनकी सेवाओं की अनकही कहानियों को नाट्य मंचन के माध्यम से जन-जन तक पहुंचाया जाएगा। यह जानकारी देते हुए भाजपा (किसान मोर्चा) के जिलाध्यक्ष खेल सिंह राजपूत ने बताया कि प्रदेश भर में होने वाले इस रंगमंच कार्यक्रम के तहत रेहड़ व अफजलगढ़ क्षेत्र में बादीगढ़ चौराहा, लॉर्ड कृष्णा पब्लिक स्कूल भगतावाला एवं आलमपुर गांवड़ी स्थित विधायक आवास पर 8 व 9 अक्टूबर को नाट्य मंचन आयोजित होगा। उन्होंने बताया कि इस माध्यम से पीएम मोदी की 25 वर्षीय सार्वजनिक जीवन यात्रा, राष्ट्र सेवा के लिए उनका समर्पण, जनकल्याण के लिए किए गए उनके प्रयासों तथा सुशासन के माध्यम से देश में आए व्यापक बदलाव को अनुभवी कलाकारों द्वारा जीवंत तथा भावनात्मक रूप से प्रस्तुत किया जाएगा। खेल सिंह का कहना है कि प्रदेश भर में 12090 नाट्य मंचनों का लक्ष्य निर्धारित है जिनका उद्देश्य सेवा, सुशासन, अंत्योदय एवं राष्ट्र निर्माण के संकल्प को जन-जन तक पहुंचाना है।



TATA MOTORS COMMERCIAL VEHICLES | Better Always
TATA
Introducing The Most Affordable Minitruck*
ACE pro EV
Ab Meri Baari
20* Milk Cans on Each Layer
अब हर ट्रिप में दूध की ज़्यादा कैन ले जाएँ और बड़ा मुनाफ़ा कमाएँ
अब आपकी बारी है नयी Tata Ace Pro EV के साथ अपने बिज़नेस को आगे बढ़ाने की। इसमें 750 Kg की पेलोड क्षमता, 155+ km की रेंज और अपनी श्रेणी में सबसे बेहतरीन आराम और सुरक्षा मिलती है साथ ही मिलता है टाटा का अटूट भरोसा
Range of 155 km per Charge | 750 kg Payload | Compliance to AIS-096 Safety Norms* | 8* Year Battery Warranty
CNS MOTORS 8484932387
BIJNOR | AMROHA | DHAMPUR | NAJIBABAD

# शादी का झांसा देकर गलत कार्य करने का आरोपी गिरफ्तार

**रायपुर सादात ( चिंगारी )**। थाना नगीना देहात पुलिस ने शादी का झांसा देकर युवती से गलत कार्य करने के मामले में वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार, 18 सितंबर को महिला की तहरीर के आधार पर थाना नगीना देहात में अभियुक्त अरबाज पुत्र शहादत अली उर्फ सुक्खा, निवासी मोहल्ला साहबराय, जानसठ, मुजफ्फरनगर के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया था। पुलिस के मुताबिक युवती ने आरोप लगाया था कि अभियुक्त ने उसे शादी का झांसा देकर उसके साथ गलत कार्य किया। शिकायत के आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू की। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए अरबाज को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के बाद पुलिस द्वारा आरोपी के विरुद्ध अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही।

# माता भगवती देवी के अवतरण दिवस पर हुए धार्मिक कार्यक्रम





## शिक्षिका रचना कपूर को सम्मानित किया

**बिजनौर ( चिंगारी )**। गायत्री शक्ति पीठ पर वंदनीय मां भगवती देवी के अवतरण दिवस के पावन अवसर पर विभिन्न धार्मिक एवं आध्यात्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रातः यज्ञ से हुआ। यज्ञ कार्यक्रम बिजेन्द्र सिंह राठी एवं केदारनाथ साहू द्वारा सम्पन्न कराया गया। मुख्य यज्ञमान संजीव खन्ना एवं रचना कपूर रहे।

श्री बिजेंद्र सिंह राठी ने कार्यक्रम के मुख्य उद्देश्य की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मां भगवती के जन्मशताब्दी वर्ष के अवसर पर अखिल विश्व गायत्री परिवार, शांतिकुंज के तत्वावधान में देश-विदेश के विभिन्न शक्तिपीठों, प्रज्ञापीठों एवं चेतना केंद्रों पर विशेष आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर करोड़ों गायत्री परिजनों द्वारा प्रातः 6 बजे से शाम 6 बजे तक गायत्री मंत्र का मौन जप किया जा रहा है। यज्ञ में श्रद्धालुओं ने आहुति देकर विश्व कल्याण एवं सुख-शांति की कामना की। यज्ञ के उपरांत मुख्य यज्ञमान रचना खन्ना जो हल्दौर ब्लॉक स्थित उच्च प्राथमिक विद्यालय में सहायक अध्यापक के पद पर कार्यरत हैं। शिक्षा के क्षेत्र में उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए उन्हें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा राज्य शिक्षक पुरस्कार से सम्मानित किया जा चुका है। उनकी उल्लेखनीय सेवाओं एवं उपलब्धि के लिए गायत्री परिवार द्वारा उन्हें गायत्री मंत्र पटका एवं साहित्य भेंट कर सम्मानित किया गया। इसके उपरांत पूरे दिन गायत्री मंत्र का जप किया गया।

कार्यक्रम में ओमपाल सिंह, हिरेंद्र सिंह, हुकुम सिंह शास्त्री, प्रेमप्रताप सिंह, बीना राठी, मंजू शर्मा, कामायनी शर्मा, सुदेश चौधरी, नर्मदा साहू, कुशाग्र, गौरव भटनागर, राजवर्धन भटनागर, राहुल शर्मा, दीप्ति शर्मा, संतोष देवी, पिंकी आदि परिजनों ने भाग लिया। पूरे दिन गायत्री शक्तिपीठ का वातावरण मंत्रोच्चार, यज्ञ एवं भक्तिभाव से ओत-प्रोत रहा।

ख़बर सबसे पहले
असर सबसे ज़्यादा
चिंगारी

# 'प्रेमधाम' में छलके करुणा के आंसू

## दिव्यांग मासूमों की स्थिति और उनकी निस्वार्थ सेवा को देखकर भाव-विभोर हुये लायंस क्लब के सदस्य





**बिजनौर (चिंगारी)।** जिन्हें अपनों ने बेगाना समझकर छोड़ दिया, जहां दुनिया की उम्मीदें खत्म हो जाती हैं, वहीं से ईश्वर के सच्चे स्वरूप की सेवा शुरू होती है। नजीबाबाद-हरिद्वार मार्ग पर साहनपुर के निकट, मोटा महादेव से पहले स्थित 'प्रेम धाम दिव्यांग आश्रम' में जब लायंस क्लब बिजनौर सिटी और लायनेस क्लब बिजनौर सिटी के सदस्य पहुंचे, तो वहां का कारुणिक दृश्य देखकर हर किसी का दिल पसीज गया और कई महिला साथियों की आंखें आंसुओं से नम हो गईं। आश्रम में निवासरत 214 से अधिक गंभीर रूप से दिव्यांग मासूमों की स्थिति और उनकी निस्वार्थ सेवा का भाव देखकर सभी सदस्य भाव-विभोर हो उठे।

आश्रम के संचालक फादर बिन्नी ने उपस्थित सदस्यों को आश्रम की दिनचर्या और बच्चों की व्यथा से अवगत कराते हुए बताया कि समाज और कई परिवारों द्वारा त्याग दिए गए इन बच्चों में से कई ऐसे हैं जिनके न हाथ हैं और न पैर। कई मासूम बिस्तर पर ही मल-मूत्र विसर्जन करने को विवश हैं, जबकि कुछ को भोजन और दवा तक पाइप के सहारे दी जाती है। इतनी जटिल और गंभीर स्थिति के बावजूद आश्रम परिसर की असीम स्वच्छता, सुव्यवस्थित वातावरण और सेवादारों का समर्पण यह सिद्ध करता है कि प्रेमधाम में सेवा ही सच्ची पूजा है।

क्लब के वरिष्ठ सदस्य लायन एस. के. बबली एडवोकेट के पूज्य पिता स्वर्गीय श्रीराम चन्द्र अग्रवाल एडवोकेट की पावन स्मृति में यह विशेष दिव्यांग सेवा शिविर आयोजित किया गया। आश्रम के लगभग 250 दिव्यांग जनों के लिए समस्त भोज की व्यवस्था ला. एस. के. बबली के सौजन्य से श्रद्धापूर्वक कराई गई। इस अवसर पर सदस्यों ने सेवा भाव की अनूठी मिसाल पेश करते हुए मुक्तहस्त से आर्थिक सहयोग भी प्रदान किया।

### आश्रम को आर्थिक सहायता प्रदान की

लायन प्रदीप अग्रवाल, डॉ. अंशु सिंह एवं डॉ. शुभम अग्रवाल ने 51,000 रुपये की सहयोग राशि आश्रम को समर्पित की। साथ ही लायन प्रदीप अग्रवाल ने अपने पौत्र ओजस का आगामी जन्मदिन प्रेमधाम के बच्चों संग मनाने का संकल्प लिया, जिसके तहत सभी बच्चों को भोजन, वस्त्र और पटाखे वितरित किए जाएंगे। इसके अलावा लायन प्रदीप अग्रवाल ने आश्रम के बच्चों को 21 जोड़ी वस्त्र भी भेंट किए। वहीं लायन पीयूष कुमार ने 21,000 रुपये तथा लायन प्रशांत गोयल ने 11,000 रुपये की सहायता राशि का योगदान दिया। क्लब के अन्य सदस्यों ने 2 वर्ष से लेकर 50 वर्ष तक की आयु के दिव्यांगों के सहायतार्थ पुराने व नये कपड़े तथा दैनिक उपयोग की अन्य आवश्यक सामग्री भेंट की।

शिविर में दिव्यांगों की स्वास्थ्य रक्षा का भी विशेष ध्यान रखा गया। साथ ही योगी अनंत योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा केंद्र से डॉ. ओ.पी. शर्मा ने प्राकृतिक चिकित्सा (नेचरोपैथी) के माध्यम से बच्चों का परीक्षण कर राहत पहुंचाई। इस पूरे प्रेरणादायी कार्यक्रम का कुशल मंच संचालन स्वयं दिव्यांग बलजीत सिंह ने कर सभी का दिल जीत लिया। कार्यक्रम के प्रमुख संयोजक ला. अरुण कुमार अग्रवाल रहे, जबकि सहसंयोजक के रूप में ला. अनंत गुप्ता, ला. अधर गुप्ता, ला. उदयवीर राठी एवं ला. राजकुमार वर्मा ने दायित्व संभाला। पीएसटी टीम से ला. पीयूष कुमार, ला. प्रशांत गोयल, ला. अचल अग्रवाल तथा लायनेस पीएसटी टीम से लायनेस प्रतिमा सिंह, लायनेस वंदना त्यागी और लायनेस नीता अग्रवाल की सक्रिय भूमिका रही।

### इनकी उपस्थिति रही

**इस सेवा यज्ञ में मुख्य रूप से लायन एस. के. बबली एडवोकेट, लायन डॉ. शूरवीर सिंह, लायन रश्मि गुप्ता, लायन शलभ चौधरी, लायन विभूति राय भटनागर एडवोकेट, लायन निखिल गहलोत, लायन पंकज अग्रवाल, लायन प्रदीप अग्रवाल, लायन अरुण अग्रवाल और लायन डॉ. मदन मोहन उपस्थित रहे। वहीं लायनेस क्लब की ओर से लायनेस बरखा अग्रवाल, लायनेस योगिता सिंह, लायनेस मीनल अग्रवाल, लायनेस अपराजिता और लायनेस सविता सहित अनेक सदस्यों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराकर बच्चों को दुलार और संबल दिया।**

# जलीलपुर में संवर रहा गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा

## दूसरी मंजिल का निर्माण कार्य जारी

-शानू अग्रवाल



**जलीलपुर (चिंगारी)।** गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा, ब्लॉक जलीलपुर में दूसरी मंजिल का लेंटर आज सुबह डाला गया। इस पावन अवसर पर पंथरत्न बाबा हरबंस सिंह जी द्वारा बसाई गई कार सेवा परंपरा से जुड़े बाबा बचन सिंह जी, बाबा मेहंदर सिंह जी एवं बाबा लखविंदर सिंह जी कार सेवा दिल्ली वालों के सहयोग से कार सेवा संपन्न हुई। गुरुद्वारा साहिब की दूसरी मंजिल के निर्माण को लेकर 28 जुलाई 2025 को नींव का पत्थर रखा गया था। इसके बाद संगत के सहयोग और सेवा भावना से निर्माण कार्य लगातार आगे बढ़ता रहा। अब दूसरी मंजिल के लेंटर का कार्य होने जा रहा है। बताया गया कि वर्तमान निर्माण से पहले गुरुद्वारा साहिब का भवन लगभग 60 वर्ष पुराना था। समय के साथ संगत की बढ़ती संख्या और आवश्यकताओं को देखते हुए गुरुद्वारा साहिब के विस्तार एवं नवनिर्माण का कार्य कराया जा रहा है। बाबा बचन सिंह जी कार सेवा दिल्ली वाले कल जलीलपुर पहुंच रहे हैं। उनके आगमन को लेकर संगत में उत्साह का माहौल है। कार सेवा के दौरान क्षेत्र की संगत के साथ-साथ आसपास के गांवों से भी श्रद्धालुओं के पहुंचने की उम्मीद है।



बाबा बचन सिंह जी कार सेवा दिल्ली वाले

गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा के प्रधान पाल सिंह ने क्षेत्र की संगत एवं सभी धर्मप्रेमी लोगों से इस पावन कार सेवा में अधिक संख्या में पहुंचकर सहयोग करने की अपील की है। उन्होंने कहा कि गुरु घर की सेवा में सभी का सहयोग महत्वपूर्ण है। संगत के सामूहिक सहयोग से ही गुरुद्वारा साहिब का यह निर्माण कार्य पूरा हो रहा है। कार सेवा श्रद्धा, सेवा और आपसी भाईचारे की भावना का प्रतीक है।



गुरुद्वारा सिंह साहब की सेवा करती संगत


# मिर्गी दौरे

(मिर्गी के लक्षण)

1. अचानक बेहोश हो जाना
2. हाथ-पैर ऐंठ जाना
3. शरीर का अकड़ना
4. मुंह से झाग निकलना
5. मुट्ठियां कसना, आंखें पथराना





डा. अय्यूब हसन 'मार्शल'

M.B.B.S., G.M.C.S. (U.K.), M.I.P.S., M.I.E.A., F.I.P.S. (Fellow of Indian Psychiatry Society)

डा. अर्सलान अय्यूब

M.B.B.S. (TU), M.I.P.S., Member of Indian Psychiatry Association



(मानसिक रोग एवं उनके लक्षण)

1. डिप्रेशन, उदासी घबराहट (DEPRESSION)
2. पागलपन, गालियाँ देना, कानों में आवाजे आना, मारपीट, तोड़-फोड़ करना (SCHIZOPHRENIA)
3. शक की बीमारी, बार-बार हाथ धोना, ताले चेक करना (O.C.D)
4. नशा मुक्ति (शराब, भांग, सिगरेट) (DE ADDICTION)
5. बच्चों का मन्द बुद्धि होना, चिड़चिड़ा होना (ADHD), (AUTISM)
6. सरदर्द, सर का भारी होना, आधे सर में दर्द होना (MIGRAINE)
7. सेक्स समस्याएं (E.D) निसंतान

45 वर्ष से आपकी सेवा में

मार्शल मिर्गी एवं मानसिक चिकित्सा केन्द्र

पता-निकट चन्द्रा टाकीज़ सेन्ट्रल बैंक के सामने, मुजफ्फरनगर (उ.प्र.) मो.- 9997892556, 9997411423

# कचरे में धमाका, दो भाई झुलसे गंभीर हालत में हायर सेंटर रैफर किया

**शेरकोट ( चिंगारी )।** रविवार की शाम बंद पड़े ईंट-भट्टे के पास डाले गए पटाखा फैक्ट्री के कचरे में धमाके के साथ लगी आग की चपेट में आने से दो सगे भाई गम्भीर रूप से झुलस गए। मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड ने आग को बुझाया। दोनों किशोरों को जिला अस्पताल से रैफर कर दिये जाने पर उपचार हेतु हायर सेंटर ले जाया गया है। घटना के बाद फोरेंसिक टीम सहित पुलिस के आला अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर परिजनों से जानकारी कर मामले की गहनतापूर्वक जांच शुरू कर दी है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम बाजीदपुर से मंधोरा की ओर जाने वाले रास्ते पर पटाखा फैक्ट्री है। बताया जाता है कि फैक्ट्री का कचरा लगभग 400 मीटर दूरी पर स्थित जंगल में बंद पड़े ईंट भट्टे में डाला गया था। गांव वाजिदपुर निवासी चंद्रवीर सिंह के पुत्र रोहित 16 वर्ष और रोहन 13 वर्ष कल शाम जंगल से अपने पशुओं के लिए चारा लेने जा रहे। बताया जाता है कि जब दोनों भाई भट्टे के पास पहुंचे तो वहां पड़े कचरे में धमाके



के बाद आग लग गई, जिससे रोहित और रोहन गंभीर रूप से झुलस गए। धमाके की आवाज सुनाकर आये आसपास के लोगों ने घटना की सूचना परिजनों और पुलिस को दी। मौके पर पहुंची सरकारी एम्बुलेंस द्वारा दोनों को उपचार हेतु सीएचसी धामपुर ले जाया गया, जहां से हालत गंभीर देखकर उन्हें जिला अस्पताल बिजनौर रैफर कर दिया गया। आग की सूचना पर दमकल विभाग की टीम मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत कर आग को बुझाया। घटना का पता लगते ही मौके पर भारी भीड़ जमा हो गई। थानाध्यक्ष रामप्रताप सिंह ने बताया कि दोनों झुलसे किशोरों को उपचार हेतु भेज दिया गया है। मामले की गहनतापूर्वक जांच की जा रही है।

## पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे

**घटना की सूचना पर देर शाम एसएसपी पूर्वी एके श्रीवास्तव, सीओ धामपुर अंजनी कुमार और फोरेंसिक टीम भी मौके पर पहुंची और घटना स्थल का मुआयना कर थानाध्यक्ष को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। फोरेंसिक टीम ने मौके से झुलसे किशोरों के कपड़े आदि जांच हेतु कब्जे में लिए। इस दौरान पुलिस पटाखा फैक्ट्री पर भी पहुंची, परन्तु फैक्ट्री पर ताला लटका हुआ मिला।**

## कक्षा 9 और 5 के छात्र हैं झुलसे किशोर

रविवार की शाम हुई घटना में गम्भीर रूप से झुलसे रोहित व रोहन के पिता चंद्रवीर सिंह ने बताया कि उनके दोनों पुत्र पास के ग्राम शहजादपुर स्थित एक स्कूल में पढ़ते हैं। बड़ा पुत्र कक्षा 9 और छोटा कक्षा 5 का छात्र है। स्कूल के बाद उनके बच्चे खेती के काम में भी उनका हाथ बंटाते थे।

## जिलाधिकारी अस्पताल पहुंचीं

**डीएम जसजीत कौर ने जिला अस्पताल पहुंचकर घटना में झुलसे किशोरों का हालचाल जाना और परिवारवालों को ढांढस बंधाया। डीएम ने कहा कि बच्चों को समुचित उपचार के लिये हायर सेंटर रैफर किया गया है। बताया कि पूरे मामले की गहन जांच कराई जा रही है, जो भी दोषी है उसके विरुद्ध कार्रवाई की जायेगी।**

## 60 से 70 प्रतिशत जले, हालत गंभीर

पटाखा फैक्ट्री के कचरे में लगी आग का शिकार हुए दोनों भाई 60-70 प्रतिशत तक झुलस गए हैं, जिस कारण दोनों की हालत गम्भीर और चिंताजनक बताई जा रही है। बिजनौर अस्पताल के इमरजेंसी मेडिकल आफिसर डॉ. विवेक कुमार ने बताया कि रोहित और रोहन 60 से 70 प्रतिशत तक झुलस जाने से दोनों की हालत क्रिटिकल है। उन्होंने बिजनौर से देर रात ही हायर सेंटर रैफर कर दिया गया है।

## दिल्ली सफदरजंग अस्पताल में भर्ती कराया

दर्दनाक हादसे का शिकार हुए किशोरों के पिता चंद्रवीर सिंह ने बताया कि घटना के बाद दर्दनाक हालत में रोहित और रोहन को उपचार हेतु सीएचसी धामपुर ले जाया गया, जहां से बिजनौर अस्पताल भेज दिया गया था, जहां से मेरठ रैफर किया गया और देर रात उन्हें सफदरजंग अस्पताल दिल्ली भेज दिया गया। उन्होंने बताया कि दोनों का उपचार जारी है और हालत अभी नाजुक बताई जा रही है।

## पटाखा फैक्ट्री संचालकों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज

इस घटना के बाद झुलसे किशोरों के पिता चंद्रवीर सिंह द्वारा पुलिस को दिया पटाखा फैक्ट्री संचालकों के विरुद्ध तहरीर देकर कार्रवाई की मांग किये जाने पर पुलिस ने देर रात कई लोगों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। थानाध्यक्ष रामप्रताप सिंह ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर मामले की गहनतापूर्वक जांच और आरोपियों के विरुद्ध कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

## मन, वचन व शरीर से सत्य का आचरण करना ही उत्तम सत्य है: रूकमणि जैन

**नजीबाबाद ( चिंगारी )।** श्री दिगम्बर जैन पंचायती व सरजायती मन्दिर में जैन धर्म में दशलक्षण धर्म के पांचवें दिन उत्तम सत्य धर्म मनाया गया। उत्तम सत्य धर्म का महत्व बताते हुए वशिष्ठ श्राविका रूकमणि जैन ने बताया कि हर परिस्थिति में मन, वचन व शरीर से सत्य का आचरण करना ही उत्तम सत्य है। झूठ, फरेब, दिखावा व ठगी के भावों से दूर रहकर अपने स्वभाव में सच्चाई अपनाना चाहिए। सत्य बोलने से आत्मा निर्मल होती है और मन को सच्ची शांति व प्रसन्नता मिलती है। यह उत्तम सत्यधर्म सिखाता है। श्रीजी की वेदी पर सामूहिक अभिषेक कर भगवान शान्तिनाथ पर शान्ति धारा पुनीत जैन व गोरी जैन परिवार की ओर से की गई। पर्व के पांचवें दिन सामूहिक पूजा भगवान पार्श्वनाथ भगवान सुपाश्वनाथ देवशास्त्र गुरु चौबीसी (24 तीर्थंकर) की पूजा की गई। चंद्रप्रभु भगवान की वेदी पर पूजन में पारसनाथ जैन, लोकेश जैन, भाविक जैन, संदीप जैन, जिनेश्वर दास जैन, भगवान वर्धमान की वेदी पर वासु जैन, प्राशु जैन, भगवान आदिनाथ की वेदी पर पीयूष जैन, राहुल जैन, सरजायती मंदिर में नेमिनाथ की वेदी पर 24 तीर्थंकर समुच्चय पूजा भगवान मुनि सुवतनाथ पूजन भगवान शान्तिनाथ दशलक्षण पूजन राजीव जैन, अरथ जैन, श्री जैन, मीनाक्षी जैन, अवन्तिका जैन, दीया जैन, विकास जैन, संजय जैन, अरिहन्त जैन, अराध्या जैन, चुमकी जैन, नेहा जैन, सगीता जैन, दिपांशु जैन, नमन जैन, वासु जैन, आशा जैन, ऋतुं जैन उपस्थित रहा। चौथे दिन संध्या आरती के पश्चात धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें प्रतिभाग करने वाले विजेताओं को मंत्री नीरज जैन ने पुरस्कृत किया गया।

## इम्पीरियल इंटरनेशनल स्कूल के खिलाड़ियों ने एथलेटिक्स मीट में झंडे गाड़े

**नजीबाबाद ( चिंगारी )।** नेहरू स्टेडियम, बिजनौर में आयोजित जूनियर डिस्ट्रिक्ट एथलेटिक्स मीट में इम्पीरियल इंटरनेशनल स्कूल, नजीबाबाद के छात्र-छात्राओं ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम रोशन किया। युवा एथलीटों ने अपने उत्कृष्ट खेल कौशल, अनुशासन व दृढ़ संकल्प के बल पर प्रतियोगिता में कुल 11 पदक अपने नाम किए। विद्यालय के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कुल 5 स्वर्ण, 2 रजत, 4 कांस्य पदक जीतकर अपनी खेल प्रतिभा का लोहा मनवाया। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर विद्यालय के 4 होनहार छात्रों अभिनव चैधरी, अक्षय राजपूत, कृष कुमार, जतिन तोमर का चयन राज्य स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता के लिए चयन हुआ है। छात्रों की इस ऐतिहासिक सफलता व राज्य स्तर पर चयन होने पर विद्यालय प्रबंधन ने सभी पदक विजेताओं, चयनित खिलाड़ियों, उनके अभिभावकों व खेल अध्यापकों (कोच) को बधाई दी।

## सूचना

मेरे पुत्र ARSH NADEEM के पासपोर्ट में मेरे पुत्र का नाम ARSH AHMAD दर्ज है, जो कि गलत है जबकि मेरे पुत्र का नाम ARSH NADEEM है। मेरे पुत्र के आधार कार्ड व अन्य जरूरी दस्तावेजों में भी मेरे पुत्र का नाम ARSH NADEEM दर्ज है, जो कि सही व सत्य है। **-असमा परवीन पत्नी नदीम अहमद, निवासी मुहल्ला मिर्दगान, थाना मंडावर, जनपद बिजनौर**

## नौमी मेले में उमड़ी भीड़

**नजीबाबाद ( चिंगारी )।** क्षेत्र के ग्राम अमाननगर में वर्षों से चली आ रही संस्कृति नौमी मेला आयोजन की प्रथा के तहत नौमी मेले में प्रथम दिन रविवार को काफी भीड़ देखने को मिली। मेले में बच्चों ने खेल-खिलौने खरीदे। ग्राम अमानगर क्षेत्र में लगने वाला यह नौमी मेला क्षेत्र के आपसी सौहार्द के प्रतीक है।

## मुर्गे के खुले अवशेष ले जाने से बदबू से परेशानी

**नजीबाबाद ( चिंगारी )।** नगर के मौहल्ला रम्पुरा के निवासियों ने वहां स्थित चिकन की दुकानों से सड़े-गले मुर्गों के अवशेष खुले छोटा हाथी में ले जाने से क्षेत्र के लोग तेज बदबू से परेशान है। स्थानीय लोगों ने खुले में अवशेष ले जाने से बीमारी व संक्रमण फैलने की आशंका जताते हुए संबंधित विभाग से कार्रवाई की मांग की है।

## घर में घुसकर हमला करने वाली महिला गिरफ्तार

**नजीबाबाद ( चिंगारी )।** साईधाम कॉलोनी निवासी दिनेश कुमार ने थाने में तहरीर देकर 18 सितम्बर को उनकी परिचित महिला बबली चैहान पुत्र टिल्लू चैहान निवासी जाब्तागंज पर उसके द्वारा उनके घर में घुसकर उनकी पत्नी लक्ष्मी पर जानलेवा हमला कर उसे घायल करने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस ने आरोपी महिला बबली को गिरफ्तार कर उसका चालान कर दिया।

## भावी प्रत्याशी खुर्शीद मंसूरी को 16 गांवों के लोगों ने किया चुनाव लड़ाने का ऐलान

**नजीबाबाद ( चिंगारी )।** आज़ाद समाज पार्टी (कांशीराम) द्वारा विधानसभा क्षेत्र के ग्राम जोगीरम्पुरी में रविवार को एक जनसभा का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीणों की भीड़ उमड़ पड़ी। जनसभा में नजीबाबाद विधानसभा क्षेत्र से पार्टी के भावी प्रत्याशी एवं साहनपुर नगर पंचायत चेयरमैन खुर्शीद मंसूरी का क्षेत्र के 16 गांवों जहानाबाद, गढ़मलपुर, किशनपुर आंवला, पानाहीमपुर, इस्सेपुर, बड़ा कनकपुर, छोटा कनकपुर, जोगीरम्पुरी, रानीकोटा, मेमनपुरा, भटौली, मौअज्जमपुर, झक्काकी, गूड़ सराय, भदौला, परमावाला से पहुंचे ग्रामीणों ने खुर्शीद मंसूरी का स्वागत कर उन्हें चुनाव लड़ाने का ऐलान किया। सभा में खुर्शीद मंसूरी ने कहा कि क्षेत्र का सर्वांगीण विकास व आम जनता के अधिकारों की लड़ाई उनकी प्राथमिकता है। आज़ाद समाज पार्टी शोषित, पीड़ित व वंचित वर्गों की आवाज उठाने के लिए लगातार काम कर रही है। खुर्शीद मंसूरी ने कहा कि यदि नजीबाबाद विधानसभा क्षेत्र की जनता उन्हें विधायक बनने का अवसर देती है तो जोगीरम्पुरी क्षेत्र में गर्ल्स इंटर कॉलेज स्थापित कराने के लिए प्रयास किया जाएगा। उन्होंने ग्रामीणों से क्षेत्र के विकास व जनसमस्याओं को लेकर एकजुट होने की अपील की।



जनसभा में विचार रखते खुर्शीद मंसूरी व मंचासीन

जोगीरम्पुरी के प्रधान हाफिज़ हारून की अध्यक्षता एवं उबैद नजीबाबादी के संचालन में सभा में अब्दुल्ला गुलजार, हाजी गफ्फार कुरैशी, खेम सिंह, वाजिद प्रधान मंडावली, नाजिम कुरैशी जोगीरम्पुरी, असलम अंसारी, परवेन्द्र सिंह रानीकोटा, दिलशाद अहमद, मौलाना अनवारुल हक (राष्ट्रीय अध्यक्ष, विश्व मानवाधिकार परिषद), मौलाना सूफियान सहित कई वक्ताओं ने विचार रखे। इस मौके पर इमरान मंसूरी, अकरम कुरैशी, दिल्लू इरफान, वाजिद प्रधान, अकबर नेता, नाज़िम, सुल्तान कुरैशी, मोनिस, तारिक, जीशान मुल्तानी, सुब्हान, अफाक अंसारी, अयाज़ अंसारी, इकराम कस्सार, नौशाद सरवरी, नदीम राईन, असलम अंसारी आदि मौजूद रहे।

# कुंवरानी कृष्णा कुमारी की पुण्यतिथि पर यज्ञ का आयोजन



**चांदपुर (चिंगारी)।** गुलाब सिंह हिन्दू स्नातकोत्तर महाविद्यालय, चांदपुर-स्याऊ में स्वर्गीय कुंवरानी कृष्णा कुमारी की 47वीं पुण्यतिथि पर हवन-यज्ञ का आयोजन किया गया। डॉ. दिवाकर भाटिया ने वैदिक रीति से हवन-यज्ञ संपन्न कराया। यज्ञ के यजमान महाविद्यालय की प्रबंध समिति के आजीवन अध्यक्ष कुंवर धीरेंद्र प्रताप सिंह रहे। इस अवसर पर कुंवर धीरेंद्र प्रताप सिंह ने अपने उद्बोधन में कहा कि स्वर्गीय कुंवरानी कृष्णा कुमारी जी का त्यागमयी जीवन और उच्च आदर्श हम सभी के लिए सदैव प्रेरणास्रोत रहेंगे। महाविद्यालय की प्रबंध समिति के सचिव परीक्षित कुमार (एडवोकेट) ने कहा कि वैदिक हवन-यज्ञ हमारी समृद्ध सांस्कृतिक परंपरा की पहचान है। प्राचार्या प्रोफेसर (डॉ.) साधना ने सभी उपस्थितजनों का धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर ग्राम बुडगरा से आए अतिथि अवनीश राठी, मौ. गुलिस्तान तथा मौ. नौशाद के अतिरिक्त महाविद्यालय के प्रोफेसर अनिल कुमार वर्मा, प्रो. दिनेश सिंह, प्रो. अशोक कुमार, प्रोफेसर महीपाल सिंह, डॉ. जैनुल आबिदीन, डॉ. (श्रीमती) अखिलेश, डॉ. प्रदीप कुमार तालान, डॉ. विनोद कुमार, डॉ. देवेश सिंह, डॉ. कुलदीप, डॉ. अमित कुमार पुंडीर, डॉ. उदिता राजपूत, मोहम्मद सलीम, मोहम्मद आरिफ, कुलदीप सिंह, ज्योति कुमारी आदि उपस्थित रहे।

# जिला प्रदर्शनी में अखिल भारतीय कवि सम्मेलन 24 को




**बिजनौर (चिंगारी)।** जिला कृषि, औद्योगिक एवं सांस्कृतिक प्रदर्शनी 2026 के अंतर्गत नगरपालिका परिषद बिजनौर के तत्वावधान में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला में 24 सितम्बर, बृहस्पतिवार को रात्रि 8 बजे से इंदिरा बाल भवन के सभागार में अखिल भारतीय कवि सम्मेलन आयोजित होगा। संयोजक डा. अजय जनमेजय, डा. नवनीत गर्ग एवं सूर्यमणि रघुवंशी के अनुसार कवि सम्मेलन में सुप्रसिद्ध ओज कवि डा. हरिओम पंवार, गीत सम्राट डा. विष्णु सक्सेना, बहुचर्चित पैरोडीकार डा. आदित्य जैन, प्रसिद्ध हास्य कवि एवं ग़ज़लकार दीपक गुप्ता, लोकप्रिय गीतकार अमन अक्षर, प्रसिद्ध कवि एवं ग़ज़लकार अभिसार गीता शुक्ल, प्रसिद्ध हास्य व्यंग्य कवि पार्थ नवीन, प्रसिद्ध कोकिल कंठी कवयित्री अंशु प्रिया दुबे एवं गीतकार मनोज कुमार मनोज अपनी कविताओं से सुधि श्रोताओं को सराबोर करेंगे। कार्यक्रम अध्यक्ष के रूप में नामित सभासद आशीष अग्रवाल, सभासद दीपक गर्ग मोनू, सभासद प्रभाकर एवं सभासद सुजीत कुमार को नामित किया गया है। नगरपालिका अध्यक्ष श्रीमती इन्दिरा सिंह के संरक्षण एवं मंचासीन अधिकारी रामपाल सिंह यादव की देखरेख में कवि सम्मेलन की तैयारी युद्धस्तर पर की जा रही है।

धारा मोटर फ़ाईनेन्स लिमिटेड
सरकारी एवं प्राइवेट कर्मचारियों के लिए
विशेष लोन सुविधा
Salaried Loan
अब खास आपके लिए
लोन लेना हुआ और भी आसान
अब आप घर बैठे ही अपने मोबाइल से Instant Salaried Loan के लिए Apply कर सकते हैं।
कृपया दिए गए QR कोड को स्कैन करें या हमारी वेबसाइट www.dharamotor.com पर क्लिक करें और मोबाइल एप्लिकेशन इंस्टॉल करें और अपने सैलरी लोन के लिए आज ही आवेदन करें।
हमारा सैलरी लोन क्यों चुनें?
• तेज़ और आसान प्रक्रिया
• न्यूनतम दस्तावेज़
• आकर्षक ब्याज दर
• आसान EMI सुविधा
• शीघ्र लोन अप्रूवल और डिस्बर्समेंट
पात्रता (Eligibility)
• सरकारी कर्मचारी
• प्राइवेट सेक्टर कर्मचारी
• नियमित मासिक आय वाले व्यक्ति
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
पंजीकृत कार्यालय : धारा कॉम्प्लेक्स, सिविल लाइन्स-1, बिजनौर-246701
दूरभाष : 01342-262561, 6396752764, 7060210125
Corporate Office (Delhi) : K-814, Noratan Building, Mata Chowk Basant Kunj Road, Mahipalpur, New Delhi. Ph.: 011-41662561
www.dharamotor.com dmf_bijnor@yahoo.com

# 'श्याम सरकार' का मुहूर्त 24 को बिजनौर में

**बिजनौर (चिंगारी)।** रे फिल्म्स प्रोडक्शन की खाटू वाले श्याम बाबा के चमत्कारों पर आधारित हिंदी फीचर फिल्म श्याम सरकार का मुहूर्त 24 सितंबर को बिजनौर में चामुंडा मंदिर धाम पर किया जाएगा। फिल्म के लेखक और डायरेक्टर आलोक गोविल के अनुसार रे फिल्म्स प्रोडक्शन मुम्बई द्वारा खाटू वाले श्याम बाबा के चमत्कारों पर आधारित हिंदी फीचर फिल्म का निर्माण किया जा रहा है। जिसके निर्माता अमित कुमार और शिवकुमार वेद हैं तथा कहानी और निर्देशन आलोक गोविल का है। इस फिल्म में संगीत प्रसिद्ध संगीतकार दलीप सेन का है और टाइटल गीत साधना सरगम ने गाया है। फिल्म के प्रोडक्शन मैनेजर अशोक आर्य और हेमेंद्र राणा उर्फ विक्की है। फिल्म में अभिनय फैसल खान (आमिर खान का भाई), ताहिर कमाल खान, रविन्द्र ठाकुर, सक्षम राणा और अक्षय वेद, बॉलीवुड अभिनेत्री साजिया अख्तर कर रही हैं। फिल्म में श्याम बाबा की भूमिका में आलोक गोविल और शौर्य शर्मा हैं। फिल्म की शूटिंग मुंबई, बिजनौर और राजस्थान में खाटू वाले श्याम बाबा के मंदिर पर की जाएगी।

# धन का नहीं, धर्म का संग्रह करना चाहिए- बाबा फुलसंदे वाले

**नहटौर (चिंगारी)।** सतपुरूष बाबा फुलसंदे वालों ने कहा कि जिस तरह कोहरा सूर्य को ढक लेता है। इसी प्रकार शरीर की ओट में अविनाशी ईश्वर का प्रकाश ढका हुआ है। एकेश्वरवाद को स्वीकार करना और लोगों के साथ मधुर बचन बोलना चाहिये।

रविवार को फुलसंदा आश्रम में आयोजित प्रवचन कार्यक्रम में बाबा फुलसंदे वालों ने कहा कि समझदार मनुष्य वही है जिसने धर्म का संग्रह किया, क्योंकि जगत में तथा मृत्यु के बाद केवल धर्म ही प्रकाश के रूप में साथ होगा। उन्होंने कहा कि ईश्वरीय आज्ञा के प्रति पूज्य भाव तथा प्रभु के द्वारा बनाये सारे जीवों के प्रति प्रीतिभाव- इन दो बातों को अन्त:करण से देखना चाहते हैं। एकेश्वरवाद को स्वीकार करना और लोगों के साथ मधुर बचन बोलना- इन दो बातों को जीभ में देखना चाहते हैं। ईश्वर आज्ञा का अनुसरण और प्रभु परायण व्यक्ति की सेवा में उत्साह इन दो बातों को देह में देखना चाहते हैं। ईश्वर इच्छा में धीरज और लोगों के प्रति गम्भीरता- इन दो बातों को चरित्र में देखना चाहते हैं। पांच वस्तुएं सदा तुम्हारे साथ ही रहती हैं- जिसमें परमेश्वर, सांसारिक जीवन, पाप वासना अथवा आसुरी बुद्धि, घर संसार, जन समाज। इनमें ईश्वर के साथ मिलन की रक्षा करो और उसने जो कुछ कहा है तथा जो कुछ कहता है उसके अनुसार बरतो।



# शेरी नशिस्त में शायरों ने खूब दाद बटोरी



**धामपुर (चिंगारी)।** बज़्म-ए-क़मर धामपुर के तत्वावधान में मास्टर मुहम्मद क़ादिर के मोहल्ला नई सराय स्थित आवास पर एक शानदार शेरी नशिस्त (काव्य गोष्ठी) का आयोजन किया गया। अध्यक्षता बज़्म-ए-क़मर के सदर क़ारी नौशाद आलम 'शाद' अलीग ने की, जबकि संचालन क़ारी राशिद हमीदी ने किया। मशहूर शायर खुमार देहलवी और सिराज पैकर पानीपती मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। विवेक सेन, प्रतिनिधि चंद्रशेखर आज़ाद सांसद और हकीम इफ़्तिख़ार हुसैन ज़ैदी विशिष्ट अतिथि रहे। कार्यक्रम को डॉ. कमाल अहमद, बाल रोग विशेषज्ञ का संरक्षण हासिल रहा। नशिस्त का आरंभ सिराजुद्दीन 'पैकर' पानीपती ने बारगाह-ए-रिसालत में नात-ए-पाक का नज़राना पेश करके किया। इसके बाद बज़्म की ओर से निर्धारित क़ाफ़िया 'दानाई' पर शायरों ने अपना कलाम पेश किया, जिसे श्रोताओं ने खूब सराहा और भरपूर दाद-ओ-तहसीन से नवाज़ा। काव्य गोष्ठी में बड़ी संख्या में उर्दू साहित्य प्रेमियों ने शिरकत की और शायरों को भरपूर दाद-ओ-तहसीन से नवाज़ा। कार्यक्रम में मेंबर मुहम्मद सलमान, मौलाना ख़ालिद रशीद, अशहद अंसारी, मास्टर मुहम्मद अतीक़, नवेद आलम, शहज़ाद आलम, पत्रकार शाकिर अंसारी, शफ़ीक़ अहमद 'मन्ना', मास्टर मुहम्मद इक़बाल, इंतिख़ाब अंसारी, आफ़ताब शेख़, नईम सैफ़ी, जावेद फ़रीदी, हाफ़िज़ सलीम अहमद, ग़यूर अली ख़ान, महबूब टेलर, मुहम्मद इमरान, रियासत अली, डॉ. अज़हर, हुमाम हसन, अबरार कमाल, पत्रकार फ़ैज़ान अंसारी, अब्दुल्लाह ग़ालिब, अरशद 'अर्श' मोबाइल सहित बड़ी संख्या में शौक़ीन-ए-अदब मौजूद रहे।

# विश्वविद्यालय शिक्षक संघ के चुनाव में प्रो. ए.पी. सिंह के पैनल ने बाजी मारी

## प्रो. एपी सिंह अध्यक्ष, डा. जितेन्द्र चौधरी जनरल सेक्रेट्री चुने गये

**बिजनौर ( चिंगारी )।** गुरु जम्भेश्वर विश्वविद्यालय शिक्षक संघ के चुनाव में मुरादाबाद के प्रोफेसर एपी सिंह के पैनल ने अधिकतर पदों पर कब्जा कर लिया। खुद प्रो. एपी सिंह ने 74 मतों के अंतर से जीत हासिल की। उन्होंने निवर्तमान अध्यक्ष प्रो. मुकेश कुमार को पराजित किया।

विश्वविद्यालय से संबद्ध 17 डिग्री कॉलेजों के शिक्षकों ने मतदान किया। वर्धमान कॉलेज में रविवार को सुबह 10 बजे से दोपहर तीन बजे तक मतदान हुआ। मतदान समाप्त होने के बाद मतगणना शुरू हुई और देर शाम परिणाम घोषित किए गए। अध्यक्ष पद के लिए प्रो. एपी सिंह, प्रो. मुकेश कुमार और प्रो. राकेश कुमार के बीच मुकाबला था। प्रो.एपी सिंह को 228, प्रो. मुकेश कुमार को 154 और प्रो. राकेश कुमार को 49 मत मिले।

जनरल सेक्रेटरी पद पर आरएसएम डिग्री कालेज धामपुर के क्रीड़ा


प्रो. एपी सिंह


डा. जितेन्द्र चौधरी

विभाग के अध्यक्ष डा. जितेंद्र चौधरी विजयी रहे। उन्हें 205 मत मिले, जबकि उनके प्रतिद्वंद्वी प्रो. प्रियंशा सिंह को 153, डा. जितेंद्र कुमार को 34 और प्रो. सुरेंद्र सिंह को 37 मत प्राप्त हुए। उपाध्यक्ष पद पर डा. जूही

## वर्धमान कॉलेज बिजनौर में भारी गहमागहमी के बीच हुआ चुनाव

अग्रवाल, डा. मुकेश सिंह व डा. सुलेमान निर्वाचित हुए। चुनाव में डा. जूही अग्रवाल ने सर्वाधिक 255 मत प्राप्त कर ऐतिहासिक जीत दर्ज की। डा.मुकेश सिंह को 244, मुहम्मद सुलेमान को 212 मत मिले। संयुक्त सचिव पद पर डा. नीतू सिंह ने जीत हासिल की। उन्हें 236 मत मिले। डा. अमिता को 202, डा. राजीव कुमार को 199, प्रेमलता को 176, डा. बॉर्डन सिंह को 124, डा. अर्चना को 154 और डॉ.राजेश कुमार को 163 मत प्राप्त हुए। फुपुक्टा प्रतिनिधि पद पर डॉ. धर्मेंद्र सिंह विजयी रहे। उन्हें 189 मत मिले, जबकि उनके प्रतिद्वंदी डॉ. हिमांशु त्रिपाठी को 178 मत प्राप्त हुए। कोषाध्यक्ष पद पर डा. सुनीति लता ने जीत दर्ज की। उन्हें 226 मत मिले, जबकि उनके प्रतिद्वंद्वी डा. अरविंद कुमार को 201 मत प्राप्त हुए। चुनाव परिणाम घोषित होने के बाद विजयी प्रत्याशियों के समर्थकों ने जश्न मनाया।

# बिजनौर में बेकाबू बलेनो का क़हर

## बाइक सवार दो सगे भाई घायल, कई वाहन क्षतिग्रस्त

**बिजनौर ( चिंगारी )।** शहर में कल एक बलेनो कार ने ऐसा कहर बरपाया कि उसकी चपेट में आकर दो सगे भाई गंभीर रूप से घायल हो गये, जबकि सड़क किनारे खड़ी एक कार, तीन स्कूटी और एक बुलेट बाइक क्षतिग्रस्त हो गई।





घटना आरजेपी इंटर कालेज के सामने की है, जहां एक बेकाबू बलेनो ने कई वाहनों को टक्कर मार दी, जिससे बाइक सवार रहीमपुर निवासी फरमान व उसका छोटा भाई फुरकान गम्भीर रूप से घायल हो गये। दोनों भाई काम से लौट रहे थे, उन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

कार पर भारतीय किसान यूनियन (प्रधान) व प्रदेश उपाध्यक्ष लिखा हुआ है। कार पर संगठन का झंडा भी लगा हुआ था। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार बाइक सवार भाइयों को घायल करने के बाद बेकाबू कार ने नुमाइश देखने आए लोगों के वाहनों को भी रौंद दिया। घटना से अफरा-तफरी मच गई। पुलिस ने कार चालक को हिरासत में ले लिया।

# वरिष्ठ पत्रकार पायल मेहता का निधन

## पत्रकारिता जगत में शोक



**अमरोहा ( चिंगारी )।** वरिष्ठ पत्रकार पायल मेहता के असामयिक निधन से पत्रकारिता जगत में शोक की लहर है। उनके निधन की खबर से मुरादाबाद मंडल के पत्रकारों ने गहरा दु:ख व्यक्त करते हुए भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की और शोकाकुल परिजनों के प्रति संवेदना जताई। उत्तर प्रदेश वर्किंग जर्नलिस्ट यूनियन (यूपीडब्ल्यूजेयू) और उत्तर प्रदेश मान्यता प्राप्त पत्रकार समिति, अमरोहा से जुड़े पत्रकारों ने अलग-अलग शोक संदेश जारी कर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। वरिष्ठ पत्रकार महिपाल सिंह ने कहा कि संसद की रिपोर्टिंग के दौरान पायल मेहता ने निष्ठा, ईमानदारी और पेशेवर शैली से अपनी अलग पहचान बनाई। पश्चिमी उत्तर प्रदेश की राजनीतिक गतिविधियों और जमीनी खबरों में उनकी विशेष रुचि थी। उन्होंने छोटे-बड़े समाचार संस्थानों के पत्रकारों से सहज संवाद बनाए रखा। शोक व्यक्त करने वालों में वरिष्ठ पत्रकार डॉ. संतोष गुप्ता, महिपाल सिंह सहित पत्रकार समितियों के पदाधिकारी और विभिन्न पत्रकार संगठनों के सदस्य शामिल रहे। पायल मेहता का जन्म 22 सितंबर 1979 को हुआ था और 20 सितंबर 2026 को मुंबई में उनका निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार रविवार को मुंबई के चंदनबाड़ी श्मशान भूमि में किया गया।


# गुलदार ने बकरी को मौत के घाट उतारा

**नूरपुर ( चिंगारी )।** क्षेत्र के गांव पुरैना में गुलदार ने एक बकरी पर हमला कर उसको मौत के घाट उतार दिया। शोर मचाने पर गुलदार बकरी को छोड़कर जंगल में भाग गया। जानकारी के अनुसार सुनहरा सिंह काली के मन्दिर के पास अपनी बकरी चरा रहा था, तभी बकरी के बच्चों के शोर मचाने की आवाज सुनकर सुनहरा सिंह बकरी की ओर दौड़े तो उन्होंने देखा की गुलदार बकरी को गन्ने के खेत में उठाकर ले जा रहा है। सुनहरा सिंह ने शोर मचाया। गुलदार बकरी को छोड़कर गन्ने के खेत में भाग गया। शोर सुनकर आसपास खेत में काम कर रहे ग्रामीण भी मौके पर पहुंच गये। ग्रामीणों ने बकरी को गड्ढा खोदकर खेत में दफ़ना दिया। भाजपा मीडिया प्रभारी बिजेंद्र सिंह भुईयार ने घटना की जानकारी चांदपुर वन रेंजर्स को देकर गांव में पिंजरा लगाने की मांग की। चांदपुर वन रेंजर्स ने जल्द ही गांव में टीम भेजकर पिंजरा लगाने का आश्वासन दिया।

# 850 लोगों की आंखों की नि:शुल्क जांच की,400 को चश्मे बांटे

## आभा फाउंडेशन की ओर से शिविर का आयोजन

**चांदपुर ( चिंगारी )।** आभा फाउंडेशन के तत्वावधान में आयोजित 10वें नि:शुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर में रोगियों की भीड़ उमड़ पड़ी। क्षेत्र के ग्राम करनपुर गांवड़ी स्थित आसरा कॉलेज में आयोजित नि:शुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर में 850लोगों की आंखों की जांच की गई, 400 जरूरतमंद लोगों को नि:शुल्क चश्मे, 128 मरीजों में मोतियाबिंद की पहचान की गई तथा 645 लोगों को आवश्यक दवाइयां वितरित की गईं। शिविर में लोगों को आंखों की नियमित जांच कराने और समय पर उपचार लेने के प्रति जागरूक भी किया गया। आभा फाउंडेशन की संस्थापिका आभा सिंह ने कहा कि संस्था का उद्देश्य जरूरतमंद लोगों तक स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में इस तरह के नि:शुल्क चिकित्सा शिविर आगे भी जारी रखने का प्रयास किया जाएगा।



# भाकियू टिकैत का धरना जारी, कल महापंचायत की तैयारी

**चांदपुर ( चिंगारी )।** ग्रामीणों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराने वाले विद्युत विभाग के जेई के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज किये जाने की मांग को लेकर भाकियू टिकैत कार्यकर्ताओं द्वारा बागड़पुर में दिया जा रहा अनिश्चितकालीन धरना आज चौथे दिन भी जारी रहा। कल 22 सितम्बर को धरना स्थल पर महापंचायत करने का निर्णय लिया गया।

धरना स्थल पर पहुंचे भाकियू जिलाध्यक्ष सुनील प्रधान ने किसानों से वार्ता की तथा 21 सितम्बर को जिला मुख्यालय पर होने वाली मासिक पंचायत अब 22 सितम्बर को बागड़पुर में करने की घोषणा की गई।

धरने पर भाकियू के प्रदेश महासचिव चौधरी कुलदीप सिंह, जिला उपाध्यक्ष हुकम सिंह गुर्जर, अशोक कुमार, तहसील अध्यक्ष नितिन राणा, कुलदीप शर्मा ब्लॉक अध्यक्ष जलीलपुर, बब्बू खान नगर अध्यक्ष चांदपुर, सोमपाल सिंह, राजीव चौधरी, जितेंद्र सिंह सिद्धू, आदि मौजूद रहे।

# फोर व्हीलर की टक्कर से बाइक सवार की मौत

**चांदपुर ( चिंगारी )।** बीती रात चांदपुर-नूरपुर रोड ग्राम धूंदली के पास फोर व्हीलर व मोटरसाइकिल के बीच हुई भिड़ंत में मोटरसाइकिल सवार युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उसके दो साथी गम्भीर रूप से घायल हो गये, जिन्हें उपचार के लिए सीएचसी स्याऊ लाया गया, जहां से उन्हें बिजनौर के लिए रैफर कर दिया गया। युवक की मौत से उसके घर में कोहराम मच गया। नगर के मुहल्ला पतियापाड़ा निवासी मौ. आजम (25 वर्ष) पुत्र मौ. असलम, मौ. उजैर उर्फ अयान (22 वर्ष) पुत्र अब्दुल हकीम व मौ. ज़ैद (24 वर्ष) पुत्र मौ. रमजानी बीती रात लगभग 10 बजे मोटरसाइकिल से नूरपुर की ओर से आ रहे थे। बताया जाता है कि चांदपुर-नूरपुर रोड पर ग्राम धूंदली के पास किसी वाहन ने मोटरसाइकिल में टक्कर मार दी, टक्कर लगने से मोटरसाइकिल सवार मौ. आजम की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उसके दोनों साथी उजैर उर्फ अयान व मौ. ज़ैद गम्भीर रूप से घायल हो गये। पुलिस ने मृतक युवक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना की खबर मिलते ही चेयरपर्सन पति शेरबाज पठान, सभासद पति शेख रईस अहमद सहित बड़ी संख्या में लोग मौके पर पहुंच गए।


मौ. आजम का फाइल फोटो

# गफलत में जी रहा मुसलमान भूल गया नमाज और कुरआन

## मौलाना शफीक अहमद कासमी ने किया बयान

**स्योहारा ( चिंगारी )। मौहल्ला कस्बा स्थित मुहम्मदी मस्जिद में एक जलसे का आयोजन किया गया। जलसे को खिताब करते हुए मौलाना शफीक अहमद कासमी ने कहा कि हम लोगों को अपनी ज़िन्दगी दीन और इस्लाम के मुताबिक गुज़रनी चाहिये, अपने बच्चों को अखलाक और अपने माहौल को सही करने की शिक्षा देनी चाहिए और कुरान और हदीस की रोशनी में जिंदगी बिताने के लिए उनको नसीहत करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि इस्लाम ऐसा मजहब है, जिसमें सभी लोग आपस में मोहब्बत, प्यार और भाईचारे की मिसाल देते हैं। सभी मजहब के लोगों से मोहब्बत करनी चाहिए।**

इस मौके पर मुफ्ती अकीलुर्रहमान ने कहा कि आज मुसलमान नमाज से दूर हो गया है, झूठ, फरेब, गिबत, चुगलखोरी कर रहा है, वह अपने गुनाहों की माफी की जगह अपने गुनाह दिन-दिन बढ़ा रहा है, मुसलमान गफलत में जी रहा है उसे उसको बाहर आना चाहिए। जलसे की सदारत मौलाना शफीक अहमद, सरपरस्ती शहर इमाम मौलाना कामिल अंसारी व निज़ामत कारी हारून ने की। इस मौके पर हाफ़िज़ मोहम्मद अनवर, हाफ़िज़ मोहम्मद अरमान, हाफिज मोहम्मद ज़कवान हैदर, हाफिज मोहम्मद अनस की उलेमाओं द्वारा दस्तारबंदी कराई गई। टीचर्स कॉलोनी निवासी जमेशद अहमद के पुत्र मोहम्मद अनस के हिफ्ज़ पूरा करने पर जमशेद अहमद की ओर से खाने की व्यवस्था कराई गई।

इस मौके पर मौलाना शफीक अहमद कासमी अफ़जलगढ़, शहर इमाम मौलाना कामिल अंसारी, मुफ्ती अली हसन, मौलाना अरशद हक्की, कारी हारून, कारी जीशान, हाजी अनवर जमाल, ज़की ज़ैदी, उबेद अख्तर, रियाज़ उर्फ प्रिंस,हकीम फुरकान, मौहम्मद ज़ाकिर, कासिम सलमानी, हाशिम सलमानी, डा.फाहद, तनवीर अहमद, बदरे आलम, अरशद चौधरी, असजद चौधरी, हाजी नवाब, शब्बू अहमद, हाजी सुलतान, अनीक जमाल, मौहम्मद हमज़ा, मो. बिलाल, मो. अबुज़ार, अब्दुल रहमान, असद आदि मौजूद रहे।



# हरचंदपुर के बच्चों ने राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता में जीते मेडल

**नांगल सोती ( चिंगारी )।** गुरुकुल इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल हरचंदपुर के बच्चों ने राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता में 2 गोल्ड और एक ब्रॉन्ज मेडल जीतकर विद्यालय का नाम रोशन किया है। भारतीय शिक्षा बोर्ड के तत्वावधान में द्वितीय राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता-2026-27 का आयोजन 19 एवं 20 सितंबर को डा. सम्पूर्णानंद स्पोर्ट्स स्टेडियम, वाराणसी में किया गया था। इस राष्ट्रीय प्रतियोगिता में देशभर के विभिन्न राज्यों के खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। उक्त प्रतियोगिता में गुरुकुल इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल हरचंदपुर के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विद्यालय, क्षेत्र एवं जनपद का नाम रोशन किया है। ग्राम सौफतपुर निवासी ईशांत राणा सुपुत्र रोबिन सिंह ने अंडर 14 एज ग्रुप के बालक वर्ग में 400 मीटर दौड़ में स्वर्ण पदक, वंशिका तोमर ने अंडर 14 एज ग्रुप के बालिका वर्ग में डिस्कस थ्रो में स्वर्ण पदक, रिया पाल ने अंडर 17 एज ग्रुप के बालिका वर्ग में जैवलिन थ्रो में कांस्य पदक हासिल किया है। खिलाड़ियों की इस उपलब्धि पर विद्यालय प्रबंधन एवं समस्त शिक्षकों-शिक्षिकाओं, सहयोगियों ने हर्ष व्यक्त किया है। स्कूल के एम.डी. डालचंद पाल एवं प्रधानाचार्य शूरवीर राजपूत ने कहा कि विद्यार्थियों की ये उपलब्धियां हमारे लिये बहुत ही गर्व की अनुभूति प्रदान करने वाली हैं। स्पोर्ट्स में हमारे बच्चों ने कड़ी मेहनत, अनुशासन और खेल भावना से यह मुकाम हासिल किया है।



राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता में नाम रोशन करने वाले गुरुकुल इंटरनेशनल स्कूल के विद्यार्थी।

# कार्यालय नीलामी अधिकारी/तहसीलदार धामपुर

पत्रांकः- मोमो/र.का. ( आवंटन )-2026 दिनांक 10/09/2026

**प्रेस विज्ञप्ति/सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम अल्हैदादपुर मुबारक परगना नहटौर तहसील व जिला बिजनौर में ग्राम समाज रास्ता के गाटा संख्या-76 के क्षेत्रफल 0.999 हेक्टेयर पर खड़े 35 पेड़ यूके लिप्टिस, जामुन-1, कटहल-2, शीरस-4, कटरूप-2 पेड़ों की नीलामी दिनांक 30.09.2026 को प्रातः 10 बजे तहसील मुख्यालय के सभागार धामपुर में की जायेगी। इच्छुक व्यक्ति नियत समय दिनांक एवं स्थान पर उपस्थित होकर नीलामी की कार्यवाही में भाग ले सकते हैं।

नीलामी अधिकारी

# सरदार सिंह चुने गये रामलीला कमेटी के अध्यक्ष

**नांगल सोती ( चिंगारी )।** ग्राम शहजादपुर में रामलीला मंचन का आयोजन वीर बजरंगी मंडल शहजादपुर के तत्वावधान में किया जाता है। रामलीला मंचन की तैयारियों के क्रम में ग्रामीणों ने बैठक आयोजित कर सर्वसम्मति से कमेटी का गठन किया। सरदार सिंह को अध्यक्ष, शेर सिंह को उपाध्यक्ष, गजेन्द्र सिंह को कोषाध्यक्ष, सत्यपाल सिंह को महामंत्री, पंकज पाल को मंत्री, संतराम सिंह को डायरेक्टर तथा कन्हैया, राहुल, रतिराम, रवेन्द्र, देवेन्द्र, रामकुमार, अमित कुमार एवं हुकम सिंह को सदस्य चुना गया है। पितृ पक्ष के समापन पर स्थानीय कलाकारों द्वारा रामलीला मंचन शुरू किया जायेगा।

# ईश्वर का ध्यान करने से मन शुद्ध होता है - पं. सतीशचंद

## बरकातपुर में श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ

**नांगल सोती ( चिंगारी )।** क्षेत्र के ग्राम बरकातपुर में चल रही श्रीमद भागवत कथा के प्रथम दिन भाजपा नेत्री लीना सिंघल मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुईं।

रविवार को भागवत कथा का वाचन शुरू होने से पूर्व कथावाचक, पुरोहित पं. सतीशचंद शर्मा ने पूजन कराया। पूजन सम्पन्न होने के उपरांत मुख्य अतिथि लीना सिंघल ने कहा कि श्रीमद भागवत कथा को सुनने मात्र से ही लोगों के कष्टों का निवारण हो जाता है। कथा वाचक पं. सतीशचंद शर्मा ने कथा का वाचन करते हुए कहा कि ईश्वर का चिंतन, सुमिरन करने से मन सुधरता है, शुद्ध होता है। मनुष्य ईश्वर के जिस स्वरूप के प्रति आशावान हो, श्रद्धा रखता हो, उसी स्वरूप का ध्यान करे। ईश्वर एक ही है, बस उनके नाम और स्वरूप अलग-अलग हैं। श्रीकृष्ण का ध्यान, चिंतन संसार के सभी दुखों से मुक्ति दिलाता है। श्रीमद भागवत कथा का श्रवण, श्रीकृष्ण के चिंतन का सर्वोत्तम उपाय है। राजन राजपूत, डा. हितेश, गौरव राजपूत, शुभम, श्रीकांत राजपूत, मोहित राजपूत, मिथलेश देवी, संदीप राजपूत, वीरेन्द्र सिंह बद्धू, प्रत्यक्ष राजपूत, प्रभात राजपूत, सुशील कुमार, चक्रिता देवी, उपासना देवी, भीष्म सिंह, नरेन्द्रपाल भगत, रोशन सिंह सहित सैकड़ों ग्रामीण मौजूद रहे।




कथा वाचन करते पं. सतीशचंद शर्मा।


श्रीमद् भागवत कथा के आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित लीना सिंघल।

# उत्तम संयम धर्म हमारे जीवन में ब्रेक का काम करता है!

## दशलक्षण पर्व का छठा दिन

**किरतपुर (चिंगारी)।** जैन धर्म का महापर्व दशलक्षण पर्व तीनों जैन मंदिरों में श्रावकों द्वारा उत्साह पूर्वक धार्मिक विधि विधान से मनाया जा रहा है। आज दशलक्षण पर्व का छठा दिन उत्तम संयम एवं सुगंध दशमी के रूप में मनाया गया। सर्वप्रथम तीनों जैन मंदिरों में जलाभिषेक शांति धारा के साथ किया गया। नित्य पूजन के बाद उत्तम संयम एवं सुगंध दशमी की शीतलनाथ भगवान जी की पूजा के साथ अष्ट कर्मों को समाप्त करने के लिए हवन कुंड में सुगंधित सामग्री (दशांग) अर्पित की गई। उत्तम संयम धर्म हमारे जीवन में ब्रेक का काम करता है, जिस प्रकार वाहन को सुरक्षित चलाने के लिए ब्रेक आवश्यक है उसी प्रकार जीवन रूपी गाड़ी को सुरक्षित चलाने के लिए संयम की आवश्यकता होती है। संयम हमारे जीवन में लिये गये नियमों में सहायता करता है। संयम हमें बुरी आदतों से बचाकर धर्म की ओर बढ़ाता है। भाद्रपद मास की शुक्ल पक्ष की दशमी को सुगंध दशमी क्यों कहा जाता है? इस संबंध में एक कथा के अनुसार अनिल जैन बताते हैं कि आज से हजारों वर्ष पूर्व



एक लड़की का नाम दुर्गंधा था। उसने पूर्व जन्म में राजा की पत्नी और सुंदर रूप होने के कारण एक दिगंबर मुनिराज के ऊपर पान की पीक थूक दी थी, जिसके कारण वह अनेक जन्मों में विभिन्न योनियों में जन्म लेने के बाद अंत में एक राजा के यहां कन्या रूप में जन्म लिया। पूर्व पाप के कारण उसके शरीर से दुर्गंध आती थी, जिसके कारण उसका नाम दुर्गंध पड़ गया था। कुछ समय बाद नगर में अवधिज्ञानी मुनि पधारे दुर्गंध भी मुनिराज के दर्शन हेतु गई वहां उसने मुनीराज से अपने शरीर से दुर्गंध आने का कारण पूछा। मुनिराज ने उसे बताया कि यह उसके पूर्व जन्म में मुनिराज के साथ घमंड में किए गए कुकृत्य का फल है। अब तुम भाद्रपद की दशमी के दिन शीतलनाथ भगवान की पूजा करते हुए 10 साल तक व्रत करो, जिसके फल स्वरूप तुम्हारा शरीर सुंदर हो जायेगा। उस समय से ही ये दिन सुंगध दशमी के रूप में मनाया जाता है। सुंदर एवं सुगंधित शरीर प्राप्त करने के लिए महिलाएं व्रत रखतीं हैं। सुगंध दशमी एवं उत्तम संयम के दिन सुरेन्द्र जैन, अनिल जैन, संजय जैन सीमेंट वाले, सुनील जैन, यतेंद्र जैन, प्रदीप जैन, अविनाश जैन, आकाश जैन, अरिहंत जैन, गौरव जैन, अरविन्द जैन, नीरज जैन, रोहित जैन, वैभव जैन, आयुष जैन, विपिन जैन, हनी जैन, संजय जैन सर्राफ, सविता जैन, रीना जैन, सरीता जैन, सीमा जैन, बबीता जैन, शालिनी जैन, नीलम जैन, नैंसी जैन, दीप्ति जैन, शशि जैन, मंजू जैन आदि श्रावकों ने पूजा कर धर्म लाभ प्राप्त किया।

## रामा एफएम 90.0 ने नांगल जट में चलाया पोषण जागरूकता अभियान



**किरतपुर (चिंगारी)।** स्मार्ट एनजीओ के तत्वावधान में रामा एफएम 90.0 ने आंगनबाड़ी केन्द्र नांगल जट में बालिकाओं को स्वास्थ्य एवं पोषण के प्रति जागरूक किया। श्रीमती रचना चौधरी ने छात्राओं को भोजन में पाए जाने वाले विभिन्न पोषक तत्वों के बारे में जागरूक किया। मोनिका सिंह ने पोषण एवं स्वास्थ्य विषय पर जन-जागरूकता के उद्देश्यों की चर्चा की। कार्यक्रम को सफल बनाने में एफ.एम. 90.0 टीम मेंबर सुभांगी भारद्वाज, भूमिका नामदेव, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, नांगल जट की महिलायें एवं बीएससी व एमएससी की छात्राएं उपस्थित रहीं। यह जानकारी रामा एफएम 90.0 मीडिया प्रभारी डॉ. रवीश कुमार ने दी।

## फैल रहा वायरल बुखार गांव-गांव में हाहाकार

**नांगल सोती (चिंगारी)।** वायरल फीवर का प्रकोप अभी भी जारी है। गांव-गांव वायरल फीवर के मरीज देखे जा रहे हैं। वायरल बुखार अक्सर बरसात के मौसम में फैलता है। वायरल बुखार के सामान्य लक्षणों में तेज तापमान तथा शरीर एवं सिर में दर्द शामिल हैं। जब तक वायरल बुखार का प्रभाव रहता है, सिर में भारीपन और दर्द रहता है। साथ ही गले में खराश, खांसी, नाक बहना या बंद होना भी वायरल बुखार से उत्पन्न होने वाली समस्यायें हैं। पाचन सम्बन्धी समस्यायें भी पैदा हो जाती हैं। वायरल बुखार का प्रकोप पिछले काफी दिनों से चल रहा है। अभी भी वायरल फीवर का प्रकोप जारी है। यह बीमारी काफी संक्रामक होती है। घर में एक व्यक्ति को वायरल बुखार हो जाये, तो पूरे परिवार में फैलने का खतरा उत्पन्न हो जाता है। गांव-गांव वायरल बुखार के मरीज देखे जा रहे हैं। एडिशनल पीएचसी नांगल सोती के चिकित्सक डा. सत्यवीर सिंह यादव ने बताया कि प्रतिदिन वायरल बुखार के लगभग 40-45 मरीज आ रहे हैं। जबकि 20-25 मरीज खाज-खुजली से पीड़ित आ रहे हैं।

## नर्सिंग कालेज में रक्तदान शिविर का आयोजन



**चांदपुर (चिंगारी)।** जगमीत मैमैरियल कालेज आफ फार्मेसी एवं नर्सिंग बबनपुरा में आयोजित स्वास्थ्य व रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में रोगियों की भीड़ उमड़ पड़ी। शिविर में 17 लोगों ने रक्तदान किया तथा रोगियों को नि:शुल्क दवाईयां व चश्मे व 55 पोषण पोटली का वितरण किया गया। शिविर में चिकित्सकों द्वारा रोगियों की जांच कर उन्हें नि:शुल्क दवाईयां दी गई तथा बड़ी संख्या में लोगों को चश्मे दिये गये। शिविर में भारतीय रेडक्रास सोसायटी के चेयरमैन टीकम सिंह सेंगर, गोविन्द दास, योगेन्द्र पाल सिंह योगी, रोबिन सिंह, डा. सुभाष चन्द्र शर्मा, भुवन चंद्र पांडे, मोहित ठाकुर, अजय पाठक, नरेश वर्मा, हिमांशु, नितिन कुमार, आर के शर्मा आदि मौजूद रहे। जगमीत मेमैरियल कालेज के चेयरमैन डा. भूपेन्द्र सिंह तोमर व मैनेजर अभिषेक ढ़ाका ने बुके देकर अतिथियों का स्वागत सम्मान किया।

## पूजा में उमड़े श्रद्धालु बहुत सारे गूंज उठे बप्पा के जयकारे

**नहटौर (चिंगारी)।** श्री हाथी वाला मंदिर में गणेश महोत्सव के सप्तम दिवस की पूजा के यजमान डॉ. ए.के. दक्ष, डॉ. मनीषा दक्ष व माणिक वर्मा, गुंजन वर्मा रहे। पूजा-अर्चना गुरु मलंगदास जी व पंडित सुबोध भारद्वाज ने पूरे मंत्रोच्चारण के साथ संपन्न करायी। सायं कालीन भजन संध्या में आरती के बाद गजानन को प्रसाद का भोग लगाकर भक्तों को प्रसाद वितरण किया। गणपति बप्पा मोरया आदि के जयकारों से गुंजायमान रहा। समिति के अध्यक्ष प्रदीप अग्रवाल, रचना अग्रवाल, सचिव निश्चल त्यागी, कोषाध्यक्ष मुकेश गुप्ता, पायल गुप्ता, पलक गुप्ता, सदस्य पवन अग्रवाल, रचना अग्रवाल, मुस्कान अग्रवाल संजोग अग्रवाल, निशा अग्रवाल, ललित अग्रवाल, संगठन मंत्री सुशांत गोयल, रतन सैनी, रमन गोयल, अंजु गोयल, विनिल वर्मा, धीरू वर्मा व दक्ष हॉस्पिटल के (एम.डी.) डॉ. ए.के. दक्ष, डॉ. मनीषा दक्ष, डॉ. कनिका दक्ष, गोल्डी दक्ष, माता जी फूलवती दक्ष व समिति के सभी सदस्य व पदाधिकारीगण उपस्थित रहे।



पूजा करते डॉ. ए. के. दक्ष व अन्य।

## चांदपुर के शूटर्स ने किया शानदार प्रदर्शन

**चांदपुर (चिंगारी)।** द हेज़लमून शूटिंग एकेडमी, चांदपुर, बिजनौर के खिलाड़ियों ने महर्षि दयानन्द सरस्वती इंटर कॉलेज, पिलौना की शूटिंग रेंज में 10 से 12 सितंबर 2026 तक आयोजित 70वीं प्रदेशीय माध्यमिक विद्यालयीय राइफल/पिस्टल शूटिंग प्रतियोगिता-2026 में शानदार प्रदर्शन किया।

प्रतियोगिता में उत्तर प्रदेश के विभिन्न मंडलों के खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। 10 मीटर एयर राइफल एवं 10 मीटर एयर पिस्टल की विभिन्न आयु वर्गों की प्रतियोगिताओं में द हेज़लमून स्कूल की शूटिंग एकेडमी की छात्राओं ने अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। हर्षी यादव ने अंडर-19 बालिका वर्ग के 10 मीटर एयर राइफल में शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक प्राप्त किया। वहीं




वंशिका ने अंडर-17 बालिका वर्ग के 10 मीटर एयर राइफल में कांस्य पदक जीतकर एकेडमी का गौरव बढ़ाया। दोनों खिलाड़ियों ने अनुशासन, एकाग्रता और आत्मविश्वास का परिचय देते हुए यह उपलब्धि हासिल की। प्रदेश स्तरीय प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन के बाद दोनों छात्राओं का 70वें राष्ट्रीय स्कूल खेल (SGFI) 2026-27 के लिए चयन हुआ है। वंशिका गोवा में तथा हर्षी यादव इंदौर, मध्य प्रदेश में आयोजित होने वाली राष्ट्रीय शूटिंग प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगीं। विद्यालय की निर्देशिका श्रीमती शक्ति भारद्वाज मित्तल, प्रधानाचार्या श्रीमती गरिमा सिंह व स्कूल की शूटिंग एकेडमी के प्रशिक्षक श्री आकाश ने भी दोनों खिलाड़ियों को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



## राशिफल

### विमल जैन

हस्तरेखा विशेषज्ञ, रत्न-परामर्शदाता
फलित अंक व ज्योतिषी एवं वास्तुविद्

**मंगलवार, 22 सितम्बर 2026**

मेष- शारीरिक सुख में वृद्धि, स्वजनों-परिजनों के माध्यम से बकाए धन की प्राप्ति, अध्यात्म के प्रति आस्था, नौकरी में पदोन्नति विषयक मसला हल होने को।

वृषभ- भाग्योदय का मार्ग प्रशस्त, भौतिक सुख के जरूरी साधन सुलभ, रचनात्मक क्रियाकलापों में वृद्धि, व्यक्तित्व का विकास, दूर या समीप की यात्रा का प्रसंग।

मिथुन- समय अशुभ, अभीष्ट कार्यों में परेशानी, मानसिक बेचैनी, पूँजी का प्रतिफल न मिलने से कष्ट, प्रतिष्ठा पर आघात, पदोन्नति में व्यवधान, यात्रा विफल।

कर्क- शुभ भावनाओं का उदय, नवीन समस्याओं का समाधान, मानसिक शांति, व्यावसायिक वातावरण मनोनुकूल, आपसी सलाह से कामयाबी, सुख-सुविधा।

सिंह- व्यावसायिक क्षेत्र में प्रगति का प्रयास, कार्यक्षमता में वृद्धि, कठिनाइयों में कुछ कमी, सुसमाचार की प्राप्ति, आपसी सम्बन्ध मधुर, राजकीय पक्ष से सहयोग।

कन्या- दिनमान अनुकूल, योजना को मूर्त रूप में परिणित, बकाए धन की वसूली, स्थान-परिवर्तन की दिशा में कार्यक्रम, जीवन साथी से सामंजस्य, आपसी सम्बन्ध मधुर।

तुला- आर्थिक व्यावसायिक हानि, व्यवहार में लापरवाही, जोखिम से नुकसान, नव-उत्तरदायित्व का निर्वाह, आय की तुलना में व्यय अधिक, मानसिक बेचैनी।

वृश्चिक-व्यापार में धन निवेश, व्यक्तित्व का विकास, समस्याओं का संतोषजनक समाधान, प्रियजनों से विचार-विनिमय, निजी जिन्दगी में सुख के साधन सुलभ।

धनु- समस्याएँ सुलझने की ओर प्रभावशाली हस्तियों से सम्पर्क, सुसमाचार की प्राप्ति, सद्विचारों का उदय, आत्मिक शांति, भोग-विलासिता की ओर रुझान।

मकर- अभीष्ट कार्यों में सिद्धि, श्रेष्ठजनों से सम्पर्क का सुपरिणाम प्राप्त, दाम्पत्य जीवन में सुखशांति, विवादास्पद मसला सुलझने की ओर, विरोधी परास्त, लाभ का सुयोग।

कुम्भ- समय असन्तोषजनक, कार्यों मे असफलता, अशांति का वातावरण, व्यावसायिक उन्नति में बाधा, आत्मविश्वास में कमी, इच्छा की पूर्ति में अड़चनें, यात्रा से कष्ट।

मीन- किसी योजना की पूर्ति हेतु प्रयत्नशील, स्वयं का निर्णय हितकर, मंगल आयोजन सम्पन्न, आय के नवीन स्रोत उपस्थित, आपसी सद्भाव, शुभ भावनाओं का उदय।

एस. 2/1-76 ए, द्वितीय तल,
वरदान भवन, टैगोर टाउन एक्सटेंशन
भोजूबीर, वाराणसी-221002,
मो. : 09335414722

# अभिभावक बतायें, बच्चे कहां खेलने जायें?

## एक मैदान था, वहां पर भी बिल्डिंग बन गई

**अफजलगढ़ (चिंगारी)।** एक समय था जब शाम होते ही नगर की गलियों से बच्चों के कदम मैदान की ओर बढ़ते थे। किसी के हाथ में बल्ला होता था, कोई गेंद लेकर दौड़ रहा होता था, तो कहीं बच्चे फुटबॉल के पीछे भागते नजर आते थे। मैदान में गिरना, उठना, हारना और फिर जीतने के लिए दोबारा प्रयास करना ही बचपन का हिस्सा हुआ करता था।

आज वही बचपन घर की चार दीवारी में कैद होता जा रहा है। लेकिन सवाल यह भी है कि इसके लिए केवल बच्चों को जिम्मेदार ठहराया जाए या हम बड़ों को भी खुद से यह सवाल पूछना चाहिए कि आखिर हमारे बच्चों के पास खेलने के लिए मैदान है कहां? अफजलगढ़ नगर में आज एक भी ऐसा सार्वजनिक खेल मैदान नहीं है, जहां बच्चे और युवा नियमित रूप से जाकर खेल सकें और अपनी प्रतिभा को निखार सकें। नगर का राजकीय आदर्श इंटर कॉलेज का मैदान जो कभी युवाओं के लिए खेल गतिविधियों का प्रमुख केंद्र हुआ करता था। सुबह से लेकर शाम तक यहां खेलते बच्चे और अभ्यास करते युवा दिखाई देते थे, लेकिन विद्यालय की नई बिल्डिंग बनने के बाद वह मैदान भी समाप्त हो गया। इसके बाद नगर के बच्चों और युवाओं के सामने खेल के लिए स्थान का संकट खड़ा हो गया।




जीआईसी के मैदान पर बनी विद्यालय की नई बिल्डिंग।

आज अभिभावक अपने बच्चों से कहते हैं कि मोबाइल कम चलाओ, सोशल मीडिया से दूर रहो और कुछ शारीरिक गतिविधियां करो। यह चिंता स्वाभाविक भी है। बच्चों का घंटों मोबाइल में व्यस्त रहना किसी भी परिवार के लिए चिंता का विषय है, लेकिन बच्चे से यदि पूछा जाए कि मोबाइल छोड़कर खेलोगे कहां? तो शायद इस सवाल का जवाब हमारे पूरे समाज के पास नहीं है। सड़क पर खेलने का जोखिम है। गलियों में जगह नहीं है। विद्यालयों के अपने संसाधन और सीमाएं हैं और नगर में कोई सार्वजनिक खेल मैदान नहीं है। ऐसे में मोबाइल की स्क्रीन बच्चे को अपने पास बुलाती है और मैदान उससे दूर होता चला जाता है।

### यह बच्चों के भविष्य से जुड़ा सवाल है

अफजलगढ़ में खेल मैदान की आवश्यकता किसी एक खिलाड़ी, किसी एक परिवार या किसी एक संस्था की मांग नहीं है। यह पूरे नगर के बच्चों के भविष्य से जुड़ा सवाल है। शासन-प्रशासन और जनप्रतिनिधियों को इस दिशा में गंभीरता से विचार करना चाहिए कि नगर में उपलब्ध सरकारी अथवा अन्य उपयुक्त भूमि पर एक व्यवस्थित सार्वजनिक खेल मैदान विकसित किया जा सकता है या नहीं। एक मैदान के लिए जमीन तलाशना शायद कठिन हो, लेकिन उससे कहीं ज्यादा कठिन उस प्रतिभा को तलाशना होगा जो मैदान के अभाव में बचपन के साथ ही कहीं खो गई।



## डीएमसी से मिले शिवसेना वाले

**चांदपुर (चिंगारी)।** शिवसेना कार्यकर्ताओं के प्रतिनिधिमंडल जिला प्रमुख वीर सिंह के नेतृत्व में बिजनौर जाकर डीएमसी रविता राठी से मुलाकात कर उनसे जिले में चल रही अनेक विकास योजनाओं के बारे में जानकारी प्राप्त की तथा साथ ही जिले में विलंब से चल रही अनेक योजनाओं के बारे में अवगत कराया। रविता राठी ने चल रही योजनाओं को शीघ्र पूर्ण करने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर चौधरी वीर सिंह जिला प्रमुख शिवसेना बिजनौर (शिंदे गुट), मुकेश लंबा जिला उपप्रमुख, शोभित गुर्जर, शशि कुमार, डॉ. दिनेश तोमर आदि मौजूद रहे।

## ओटीपी पूछकर साइबर ठग ने 1.70 लाख रुपये उड़ाये

### एक महिला ने आशा बनकर फोन पर दिया झांसा

**नगीना (चिंगारी)। साइबर ठग ने ओटीपी पूछकर एक व्यक्ति के खाते से 1.70 लाख रुपये अधिक की धनराशि उड़ा दी। महिला ठग ने फोन पर आशा कार्यकर्ता बनकर व्यक्ति को झांसा दिया। नगीना थाना क्षेत्र के गांव निजामपुर देवसी निवासी दलीप कुमार ने पुलिस को मामले में तहरीर दी। दलीप कुमार ने बताया कि उसका पंजाब नेशनल बैंक की परवनपुर शाखा में खाता है। 25 जून को उसके मोबाइल नंबर पर एक अज्ञात नंबर से कॉल आई। फोन करने वाली महिला ने खुद को आशा बताया और बातों में उलझाकर उसके मोबाइल पर आया ओटीपी पूछ लिया। ओटीपी साझा करते ही पीड़ित के बैंक खाते से एक लाख 70 हजार रुपये से अधिक धनराशि निकाली गई। ठगी का अहसास होने पर पीड़ित ने तुरंत राष्ट्रीय साइबर अपराध पोर्टल पर अपनी शिकायत दर्ज कराई। दलीप कुमार ने नगीना थाने पहुंचकर पुलिस को लिखित प्रार्थना-पत्र सौंपा और अज्ञात ठग के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की मांग की।**

## श्री रामकृष्ण सत्संग मण्डल की वर्षगांठ एवं राधा रानी का प्रकटोत्सव मनाया



### प्रेम समर्पण और भक्ति का सर्वोच्च प्रतीक हैं राधा रानी-कौशिक

**चांदपुर (चिंगारी)।** श्री रामकृष्ण सत्संग मंडल की 40वीं वर्षगांठ एवं राधा जी का प्रकटोत्सव श्रद्धा एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर 40 दीपक प्रज्वलित किए गए तथा राधा जी के जीवन चरित्र पर प्रकाश डाला गया। राधा रानी के भजनों पर श्रद्धालु झूमते रहे। नगर के मोहल्ला साहूवान स्थित पंडित गुरु नेतराम जी के मंदिर में श्री रामकृष्ण सत्संग मंडल की 40वीं वर्षगांठ के अवसर पर श्री राधा जी का प्राकट्य दिवस सनातन पद्धति के आधार पर मनाया गया। राधा जी के चरित्र पर प्रकाश डालते हुए अजय कुमार कौशिक ने कहा कि राधा रानी भक्ति परंपरा में प्रेम समर्पण और भक्ति की सर्वोच्च प्रतीक मानी जाती हैं। विशेष रूप से वैष्णव परंपराओं में राधा जी को श्री कृष्ण की परम प्रिय शक्ति और उनकी आहलादिनी शक्ति के रूप में वर्णित किया गया है। राधा कृष्ण का संबंध सामान्य सांसारिक संबंध से ऊपर आध्यात्मिक प्रेम और भक्ति का प्रतीक माना जाता है। ब्रज की लोक कथाओं और भक्ति साहित्य में दोनों के साथ रास, झूला, होली व अन्य लीलाओं का वर्णन मिलता है। भक्ति परंपरा में राधा जी का महत्व इसलिए विशेष है, क्योंकि वह निष्काम प्रेम और पूर्ण समर्पण का आदर्श प्रस्तुत करती हैं। राधा जी का विस्तृत चरित्र विशेष रूप से बाद की वैष्णो भक्ति परंपराओं और ब्रज साहित्य में विकसित हुआ। सूरदास, रसखान हित हरिवंश, चैतन्य परंपरा और अनेक संत कवियों ने श्री राधा कृष्ण के प्रेम को अपनी रचनाओं का केन्द्र बनाया। राधा जी का जीवन और उनसे आत्मिक स्वरूप हमें मुख्यत: निष्काम प्रेम, पूर्ण समर्पण, विनम्रता, ईश्वर की प्रति अटूट श्रद्धा, करुणा और प्रेम की प्रेरणा देते हैं। संक्षेप में राधा जी केवल श्री कृष्ण की प्रिया के रूप में ही नहीं बल्कि भारतीय परंपरा में परम भक्ति, परम प्रेम और भक्ति के आदर्श मूर्ति के रूप में प्रतिष्ठित हैं, इसलिए भक्ति परंपरा में राधा कृष्ण का नाम साथ-साथ लिया जाता है। कार्यक्रम में श्री रामकृष्ण मंडल के अध्यक्ष सुखदेव भाटिया, विक्की बस्सी, विपुल तायल, नमन कौशिक ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित किए। इस अवसर पर गायक उद्धव टोंक द्वारा सुंदर-सुंदर भजनों की प्रस्तुति की गई। कार्यक्रम में दीपक कौशिक, बाबूराम शर्मा, रामकृष्ण कौशिक, आदित्य सागर, ध्रुव बस्सी, व्योम कौशिक, जानवी अग्रवाल, खुशी अग्रवाल, सुषमा वर्मा, शेखर वर्मा, प्रीति अग्रवाल, स्वाति अग्रवाल, कुमार सैनी, कृतिका अग्रवाल, उद्धव आदि ने भाग लिया।

# विधायक चैंपियंस ट्रॉफी के शुभारंभ समारोह में पहुंचीं खेल मंत्री रेखा आर्या

## उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को किया सम्मानित



**देहरादून/अल्मोड़ा (चिंगारी)।** प्रदेश की खेल एवं युवा कल्याण मंत्री रेखा आर्य सोमेश्वर स्थित सोमनाथ ग्राउंड पहुंची, जहां वह विधायक चैंपियंस ट्रॉफी कार्यक्रम के समापन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि सम्मिलित हुई। इस अवसर पर उन्होंने खिलाड़ियों से मुलाकात कर उनका उत्साहवर्धन किया तथा प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों एवं टीमों को सम्मानित किया।

खेल मंत्री रेखा आर्या ने कहा कि खेल केवल शारीरिक और मानसिक विकास का माध्यम ही नहीं, बल्कि युवाओं को अनुशासन, नेतृत्व और टीम भावना से जोड़ने का भी महत्वपूर्ण कार्य करता है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार उत्तराखंड की खेल प्रतिभाओं को बेहतर मंच और सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए लगातार प्रयास कर रही है। खेल मंत्री ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में छिपी खेल प्रतिभाओं को आगे लाना सरकार की प्राथमिकताओं में शामिल है, जिसके लिए राज्य सरकार लगातार कार्य कर रही है। ऐसे आयोजनों के माध्यम से युवाओं को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का अवसर मिलता है और उनमें खेल के प्रति रुचि भी बढ़ती है।

## भगवान कृष्ण की प्रत्येक लीला में कोई न कोई संदेश - देवी प्रसाद भट्ट

**कोटद्वार (चिंगारी)।** कोटद्वार के काशीरामपुर में जुयाल परिवार की ओर से आयोजित श्रीमदभागवत कथा के छठवें दिन आचार्य देवी प्रसाद भट्ट ने भगवान श्रीकृष्ण की विभिन्न लीलाओं का वर्णन करते हुए श्रद्धालुओं को भक्ति, धर्म और सदाचार के मार्ग पर चलने का संदेश दिया। भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं का वर्णन करते हुए उन्होंने कहा कि भगवान की प्रत्येक लीला में कोई न कोई गहरा संदेश निहित है। कहा कि वर्तमान समय में मनुष्य भौतिक सुख-सुविधाओं की दौड़ में मानसिक शांति से दूर होता जा रहा है। ऐसे में भगवान की कथा का श्रवण मन को शांति देने के साथ जीवन में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करती है। उन्होंने श्रद्धालुओं से नियमित रूप से ईश्वर का स्मरण करने और अपने आचरण में प्रेम, करुणा, सेवा तथा सत्य को अपनाने का आह्वान किया। कथा के दौरान भजनों और भगवान श्रीकृष्ण के जयकारों से कथा पंडाल भक्तिमय हो उठा। श्रद्धालु भजनों के प्रभाव में भाव-विभोर होकर झूमते नजर आए। कथा के समापन पर आरती की गई और श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया। इस मौके पर कथा आयोजक वीके जुयाल, संतोष गोनियाल, सुधीर दुदपुड़ी, महेश जुयाल, मनीष जोशी, योगेश रतूड़ी, अंकित धस्माना, गिरीश कंडवाल, मुकेश पंत सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

## नंदा राजजात यात्रा में संघर्ष पर चिंता

**कोटद्वार (चिंगारी)।** अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद के पदाधिकारियों व सदस्यों ने चमोली में नंदा राजजात यात्रा के दौरान दो गांवों के लोगों के बीच हुए संघर्ष पर चिंता व्यक्त की है। अपर कालाबड़ स्थित परिषद कार्यालय में आयोजित बैठक में वक्ताओं ने कहा कि गढ़वाल को देवभूमि कहा जाता है। यहां पर धार्मिक आयोजनों में स्थानीय निवासी पूरी आस्था के साथ भाग लेते हैं। वहीं नंदा राजजात यात्रा अपने आप में ऐतिहासिक आयोजन है। ऐसे आयोजन में इस तरह के संघर्ष को उचित नहीं कहा जा सकता। मौके पर भविष्य में इस तरह के आयोजन से पूर्व सारी तैयारियों की समीक्षा करने की मांग की गई। बैठक में परिषद अध्यक्ष देवेंद्र नेगी, जीके बड़थ्वाल, बलवान सिंह रावत, संजय असवाल, दलबीर नेगी और अनूप बिष्ट सहित परिषद के अन्य सदस्य मौजूद रहे।

## धान की फसल को तना छेदक पहुंचा रहा नुकसान

**कोटद्वार (चिंगारी)।** नगर निगम के वार्ड नंबर 37 पश्चिमी झंडी चौड़ में खेतों में खड़ी धान की फसल को तना छेदक कीड़ा नुकसान पहुंचा रहा है, इस कारण किसानों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इस बात की जानकारी मिलते ही स्थानीय पार्षद सुखपाल शाह ने कृषि प्रभारी ब्लॉक दुगड्डा केहर सिंह को इसकी सूचना दी। जिस पर विभाग के न्याय पंचायत प्रभारी अजय सिंह ने मौके पर पहुंचकर पार्षद सुखपाल शाह व अन्य कृषकों के साथ धान की फसल का निरीक्षण किया और कृषकों को किसान सेंटर झंडी चौड़ में संपर्क कर दवाई ले जाने के लिए निर्देशित किया। मौके पर कृषकों ने कृषि प्रभारी से क्षेत्र के किसानों को उन्नत खाद, बीज और सब्सिडी पर स्प्रे मशीनें उपलब्ध कराने की मांग भी की।

## कोटद्वार में रामलीला का मंचन 23 से

**कोटद्वार (चिंगारी)।** मर्यादा पुरुषोत्तम श्री रामलीला कमेटी की ओर से 23 सितंबर से रामलीला मंचन करने का निर्णय लिया गया है। मंचन के लिए कमेटी की कार्यकारिणी का गठन किया गया। कमेटी के मीडिया प्रभारी प्रेम प्रजापति ने बताया कि कार्यकारिणी में सुनील रावत को अध्यक्ष व साधना अग्रवाल को सचिव चुना गया। जबकि दिनेश शर्मा को कोषाध्यक्ष, प्रेम प्रजापति और सौरभ मिश्रा को मीडिया प्रभारी, जय प्रकाश केष्टवाल, जगदीश फुलारा, दिनेश रावत व कमल आर्य को स्टेज डायरेक्टर और राधेश्याम शर्मा व संदीप वर्मा को मंच संचालक की जिम्मेदारी सौंपी गई है। बताया कि कमेटी द्वारा 23 सितंबर से रामलीला मंचन का निर्णय लिया गया है।

## सीएमओ डॉ. मेघना असवाल ने किया स्वास्थ्य केन्द्रों का निरीक्षण

**कोटद्वार (चिंगारी)।** मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. मेघना असवाल ने दुगड्डा, डाडामंडी व पौखाल स्थित पीएचसी व सीएचसी सहित एमआरपी सेंटर नीलकंठ का भ्रमण कर स्वास्थ्य सेवाओं और व्यवस्थाओं का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सीएमओ ने पीएचसी दुगड्डा का कार्यदायी संस्था आरडब्ल्यूडी के अधिकारियों के साथ संयुक्त निरीक्षण किया। सीएमओ ने निर्माण कार्य की प्रगति का जायजा लेते हुए कार्यदायी संस्था को आवश्यक निर्देश दिए। इसके पश्चात उन्होंने पीएचसी डाडामंडी, पीएचसी पौखाल, पीएचसी भृगुखाल, सीएचसी यमकेश्वर, पीएचसी लक्ष्मणझूला, पीएचसी द्विठली तथा आयुष्मान आरोग्य मंदिर कस्याली, ठांगर, बड़ैथ एवं पौखाल का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति, परिसर की साफ-सफाई, आपातकालीन सेवाओं, प्रसव सेवाओं और औषधि भंडार का निरीक्षण किया। मौके पर उन्होंने संबंधित अधिकारियों और कार्मिकों को स्वास्थ्य संस्थानों में साफ-सफाई व्यवस्था बेहतर बनाए रखने के निर्देश दिए। साथ ही आपातकालीन सेवाओं को सुचारु एवं प्रभावी ढंग से संचालित करने तथा जरूरतमंद मरीजों को तत्काल चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने को कहा। प्रसव गृहों में सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करते हुए संस्थागत प्रसव को बढ़ावा देने के निर्देश भी दिए। कहा कि स्वास्थ्य संस्थानों की व्यवस्थाएं व्यवस्थित और प्रभावी रखी जानी चाहिए, ताकि आमजन को गुणवत्तापूर्ण, सुगम एवं समयबद्ध स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध हो सकें। इस अवसर पर जिला समन्वयक शुभम, कनिष्ठ अभियंता आयुष और कनिष्ठ सहायक प्राची उपस्थित रहे।

## मेरठ के आसमान में पहली बार गरजे सूर्यकिरण के विमान

**मेरठ (चिंगारी)।** वायु सेना की सूर्यकिरण एरोबैटिक टीम ने मेरठ में पहली बार हवाई करतब दिखाए और दो दिनों में एक लाख से ज्यादा लोग शो देखने पहुंचे, जिनमें छात्र, एनसीसी कैडेट और एनएसएस स्वयंसेवक शामिल थे। इस टीम की खास बात यह रही कि सूर्यकिरण टीम के तीन सदस्य, जिनमें करतब दिखाने वाले दो पायलट भी शामिल हैं, मेरठ से हैं। सूर्यकिरण एरोबैटिक टीम ने लाल और सफेद रंग के नौ हॉक 132 विमानों से लूप, बैरल रोल, उल्टी उड़ान और डीएनए जैसे हवाई करतब दिखाए। विमानों के बीच दूरी पांच मीटर से भी कम रही। सूर्यकिरण के अनुसार, बेहद करीब उड़ान भरते हुए इन करतबों का प्रदर्शन पायलटों के कौशल, अनुशासन और टीम के सदस्यों के बीच भरोसे को दिखाता है। हॉक 132 विमानों में देश में किया गया एक बदलाव भी इस प्रदर्शन का हिस्सा रहा। वायुसेना के नासिक स्थित बेस रिपेयर डिपो में इन विमानों में धुआं छोड़ने वाले पॉड लगाए गए हैं। इनके जरिए विमान केसरिया, सफेद और हरे रंग का धुआं छोड़ सकते हैं और आसमान में तिरंगे के रंग उकेरते हैं। 20 सितंबर को रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने एयर शो देखा। उन्होंने सोशल मीडिया पोस्ट में कार्यक्रम को अनुशासन, सटीकता, टीमवर्क और पेशेवर क्षमता का प्रदर्शन बताया। उन्होंने कहा कि सूर्यकिरण ने अपनी 30 साल की यात्रा में भारत और विदेशों में 800 से ज्यादा एयर शो किए हैं।

**एक लाख से ज्यादा लोगों ने देखा एयर शो**

## हरीश रावत का रोड शो ईडी की रेड से ध्यान हटाने का प्रयास - मनवीर चौहान



मनवीर सिंह चौहान

**देहरादून (चिंगारी)।** भाजपा के प्रदेश मीडिया प्रभारी मनवीर सिंह चौहान ने कांग्रेस के वरिष्ठ नेता हरीश रावत के उत्तराखंड आगमन से पहले रोड शो को कांग्रेस की गुटीय रस्साकस्सी बताते हुए इसे पार्टी का स्वाभाविक गुण बताया और कहा कि उन लोगों के सामने यह अधिक परेशानी पैदा करने वाली समस्या है जो कि हरीश रावत के राजनीतिक बनवास को लेकर अधिक प्रफुल्लित थे। हरीश रावत का यह रोड शो कोई नई बात नहीं है और अभी कई रोड शो सामने आने वाले है, लेकिन यह चुनाव से पहले का गुटीय रुझान जरूर है।

मीडिया के सवालों पर प्रतिक्रिया देते हुए चौहान ने कहा कि हरीश रावत लम्बे समय से कांग्रेस की गुटीय राजनीति के चलते हाशिये पर चल रहे हैं। हालांकि यह कांग्रेस का अंदरूनी मामला है, लेकिन जिस तरह से कांग्रेस अनुशासन और तमाम तरह के शिष्टाचार की बात करती रही है तो उसके लिए यह चिंतन का विषय हो सकता है। श्री चौहान ने रोड शो में हरीश रावत के कांग्रेस के एकजुट होकर भाजपा का मुकाबला करने की बात को हास्यास्पद बताते हुए कहा कि पिछले 10 सालों से वह और कांग्रेस के कई क्षत्रप चुनाव से पहले रोड शो ही करते रहे हैं।

चौहान ने कहा कि इस शक्ति परीक्षण से ईडी के हाल ही मे उनके पीए के घर पर रेड और करोड़ों की अवैध संपत्ति मिलने से ध्यान हटाने मे कांग्रेसी सफल नही होने वाले हैं। भ्रष्टाचार मे लिप्त होकर भ्रष्टाचार के खिलाफ लडाई की बात को जनता जानती है। हरीश रावत रोड शो से पार्टी को चुनौती दे रहे हैं और उनके इस कदम से कांग्रेसी दिग्गज ही सकते में हैं।

रामगंगा प्रकाशन बिजनौर के लिए प्रकाशक, मुद्रक **सूर्यमणि रघुवंशी** ने रघुवंशी प्रिंटर्स, स्वप्न लोक, नई बस्ती बिजनौर में मुद्रित कराकर स्वप्न लोक, नई बस्ती, बिजनौर से प्रकाशित किया।
संस्थापक-**स्व. बाबू सिंह चौहान।**
सम्पादक-**सूर्यमणि रघुवंशी।**
**आर. एन. आई. नं. 2417/57**
**डाक पंजीकरण संख्या- डी.एन./ यू.पी./ बी.जे.एन.-14/2025-27**
**E-Mail: dainikchingari@gmail.com**

# चुनावी गणित नहीं, हर वर्ग को विकास यात्रा में शामिल करना है मेरी सरकार का लक्ष्य- योगी



**लखनऊ (चिंगारी)।** उत्तर प्रदेश में विधानसभा चुनाव को लेकर तेज हो रही राजनीतिक सरगर्मियों के बीच मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का कहना है कि बड़े चुनाव के नतीजे किसी एक नहीं, अनेक कारणों से तय होते हैं और उनकी सरकार के हर काम का लक्ष्य चुनावी गणित को साधने की बजाय प्रदेश के हर वर्ग को विकास की यात्रा में शामिल करना रहा है। ये चुनाव योगी आदित्यनाथ के लिए प्रदेश में भाजपा को लगातार तीसरी बार सत्ता में लाने की बड़ी चुनौती है। इस चुनौती से खुद उनका कद और पद जुड़ा है। प्रदेश की राजनीति की शतरंज की बिसात पर भाजपा को मात देने के लिए जहां समाजवादी पार्टी के प्रमुख और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव पिछड़ा, दलित और अल्पसंख्यक (पीडीए) की गोटियां बिछाने में लगे हैं, वहीं कांग्रेस के नेता राहुल गांधी प्रदेश में पार्टी का खोया आधार पुनः हथियाने के लिए जेन-जी (युवाओं) को लुभा रहे हैं। उत्तर प्रदेश को उसकी प्राचीन संस्कृति और विरासत के साथ मजबूती से जोड़े रखते हुए उद्योग व व्यवसाय का एक पसंदीदा स्थान बनाने तथा राज्य की अर्थव्यवस्था को एक ट्रिलियन डॉलर (एक हजार अरब डॉलर) की अर्थव्यवस्था बनाने के लक्ष्य को लेकर चल रहे मुख्यमंत्री योगी को अपने काम और अपने प्रशासन पर भरोसा है।

## ..तब एक अफ़वाह से कर्फ्यू लग जाता था

**2017 से पहले उत्तर प्रदेश में एक अलग ही सामान्य स्थिति थी। एक अफवाह से कर्फ्यू लग सकता है, दुकानें कई दिनों तक बंद रहेंगी, दिहाड़ी मजदूरों की कमाई खत्म हो जाएगी और छात्रों की परीक्षाएं छूट सकती हैं, जो दुकानदार अपनी दुकान नहीं खोल सकता, उसकी आज़ादी की बात किसी ने नहीं की। इसलिए जब हम किसी निर्मित वीडियो के खिलाफ कार्रवाई करते हैं जो हिंसा भड़का सकता है, तो हम वैध भाषण के खिलाफ कार्रवाई नहीं कर रहे हैं, हम उस जिले को खुला रखने के लिए कार्य कर रहे हैं। पेपर लीक पर भी यही सिद्धांत लागू होता है। छात्र कभी भी निशाने पर नहीं थे। यह कार्रवाई परीक्षा पत्र लीक करने और बेचने वालों के खिलाफ थी। जब एक परीक्षा रद्द कर दी गई और काफी लागत पर दोबारा आयोजित की गई, तो यह सुनिश्चित करना था कि एक छात्र जिसने तीन साल तक तैयारी की थी, वह लीक हुआ पेपर खरीदने वाले किसी व्यक्ति से हार न जाए।**

## भारत की नई पीढ़ी कबड्डी में शानदार प्रदर्शन के लिए तैयार

**आइची नागोया (एजेंसी/चिंगारी)।** भारतीय कबड्डी खिलाड़ियों की एक नई पीढ़ी आइची-नागोया में एशियन गेम्स के मंच पर जबरदस्त प्रदर्शन करने के लिए तैयार है। इस टीम में देवांक दलाल भी शामिल हैं, जो अपने पहले बड़े अंतरराष्ट्रीय मल्टी-स्पोर्ट इवेंट में हिस्सा लेने जा रहे हैं।

23 साल के देवांक भारतीय पुरुष टीम के सदस्य के तौर पर एशियाई खेलों में कबड्डी में अपना डेब्यू करेंगे। भारतीय टीम अपने अभियान की शुरुआत आज 21 सितंबर को मेजबान जापान के खिलाफ मुकाबले से करेगी। देवांक दलाल के लिए टीम का हिस्सा बनने से जिम्मेदारी का एहसास तो बढ़ा गया है, लेकिन उनका कहना है कि इससे कोई अतिरिक्त दबाव नहीं आया है। दलाल ने कहा, मैं पहली बार एशियन गेम्स में हिस्सा ले रहा हूं। मैं अपने, अपने परिवार और अपने कोच के लिए खुश हूं। मैं सभी के लिए खुश हूं। अब जब मैं जा रहा हूं तो मेरी जिम्मेदारियां बढ़ गई हैं। मुझे भारत के लिए गोल्ड मेडल जीतना होगा। अगर भारत ने मुझे चुना है, तो मुझे यह करना ही होगा। आपको दबाव महसूस करने जरूरत नहीं है। दबाव और जिम्मेदारी दो अलग-अलग चीजें हैं। यहां सिर्फ जिम्मेदारी है, दबाव नहीं। हम दबाव जैसी चीज में भरोसा नहीं करते। अगर आप दबाव लेंगे, तो आप खेल नहीं पाएंगे। अगर आप खेलेंगे नहीं, तो भारत कैसे जीतेगा?


धमाका धमाका धमाका

पुरानी के बदले नयी केवल आधे पैसों में

कोई भी कान की पुरानी मशीन
कमर की कोई भी पुरानी बैल्ट (दर्द के लिए या ऑप्रेशन के बाद)
कोई भी Knee Cap (घुटनों पर चढ़ाने वाली पट्टी)

कोई भी शुगर चैक करने की पुरानी मशीन लायें और नई ले जायें

हमारें यहाँ बड़े व्यक्तियों के लिए डायपर (Adult Diapper) लेटरिन कुर्सी, स्टूल व पोट, यूरिन पोट, व्हील चेयर, बैसाखी, वॉकर, सिकाई करने वाली बोतल, गरम पट्टी (Crape Bandage), Knee Cap, बेल्ट कमर दर्द के लिए, कॉलर, गले के लिए, Dextrose की बोतल, ऑप्रेशन के बाद बंधने वाली बेल्ट, हरनिया बेल्ट, Anti Dandruff Shampoo, Hand Sanitizer, हाथ धोने के लिए (Cotton, Bandage, Glycerin), मरीजों के लिए (Air Bed, Water Bed) आदि सभी सर्जिकल सामान थोक के उचित मूल्यों पर मिलते है। **पुरानी मशीन की रिपेयर भी होती है।**

गोयल मेडिकल स्टोर
नवयुग मार्केट, निकट रोहित होटल, बिजनौर
फोन - 9411012482, 8273387326
नौकरी के लिये युवक-युवतियां सम्पर्क करें।



MILLENNIUM PUBLIC SCHOOL
NAJIBABAD ROAD, KOTWALI DEHAT DISTT. BIJNOR
URGENTLY REQUIRED
PGT (PHYSICS,BIOLOGY,ENGLISH)
PTI (B.P.ED/M.P.ED.)
TGT & PRT (ALL SUBJECTS)
Fluency in English is essential Experienced candidate will be preferred
Email : extrakotwali@gmail.com Send Resume on the Given Number 9412201377



गीजर ही गीजर
सिंघल इलेक्ट्रीक एजेन्सीज
हमारे यहां एलईडी बल्व, वायर, पंखे, स्विच, शोकिट, गीजर एवं सभी प्रकार के बिजली फिटिंग का सामान थोक मूल्य पर मिलता है।
खुल गया! खुल गया!
श्री लाइट
सजावटी फैंसी लाइटें, लक्जरी झूमर, फैंसी वॉल लाइट्स, कोव लाइट, लाइट्स, लैम्प आदि की बेशुमार वैरायटियां उपलब्ध हैं।
नई बस्ती, निकट गुरुद्वारा, बिजनौर मो. 9897024836, 8800092476



Gents Specialist
Suit Sherwani Pant Shirt
Fancy Coat Ladies Coat
CLASSIC TAILORS
9927060150
CLASSIC SHOES
CLASSIC Shoes
M: 9897041426
NIKE PUMA SKECHERS WOODLAND RED CHIEF Lee Cooper campus
Add.: Chahshireen Road, Bijnor



Kajaria TRANSFORM YOUR WORLD
Kajaria Exculsive Showroom
बिल्डर्स व थोक खरीदारों को विशेष छूट
Tiles & Sanitaryware का Exclusive Showroom
DR. FIXIT WATERPROOFING EXPERT
Nanotechnology Based SEELAN BLOCK सीलन ब्लॉक
₹8/- PER SQ.FT सभी प्रकार की सीलन से सुरक्षा
TILE O GRIP BONDING CHEMISTRY
8445517265
8791919960
सेंट जौसफ स्कूल के सामने तीमरपुर, रावली रोड, बिजनौर